RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 232 • 02:09:2024 • सोमवार • मूल्य : 5/-

# जम्मू और कश्मीर चुनाव में वंशवाद की तीसरी पीढ़ी चुनाव मैदान में

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वंशवाद की राजनीति लोगों में चर्चा के लिए पसंदीदा विषय है। देश में वंशवादी राजनीति की शुरुआत जम्मू और कश्मीर से होती है, जहां दो परिवारों, अब्दुल्ला और मुफ्ती ने दशकों से सार्वजनिक जीवन पर दबदबा कायम रखा है। कश्मीर में वर्तमान में चुनावी माहौल है। राजनीतिक वंशजों की नई पीढ़ी यहां के अशांत राजनीतिक परिदृश्य में अपनी जगह बनाने को तैयार है। इनके कंधों पर अपने प्रभावशाली माता-पिताओं की विरासत को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी है। जम्मू-कश्मीर का प्रमुख राजनीतिक परिवार अब्दुल्ला हैं, जिनकी तीन पीढ़ियों में कम से कम चार मुख्यमंत्री रहे हैं। अब्दुल्ला परिवार की तीसरी पीढ़ी के नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) नेता उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। जबकि उनके पिता फारूक अब्दुल्ला 2009 और 2014 के बीच यूपीए-2 सरकार में केंद्रीय मंत्री होने के अलावा कई बार



राज्य के कई बार सीएम रह चुके हैं। उमर के दादा शेख अब्दुल्ला हैं जिन्हें लोकप्रिय रूप से 'शेर-ए-कश्मीर' (कश्मीर का शेर) कहा जाता है, उन्होंने कश्मीर के प्रधानमंत्री और बाद में मुख्यमंत्री के रूप में सेवा करने से पहले एनसी की स्थापना की थी।

**उमर तीसरी पीढ़ी के राजनेता** : राज्य की शीर्ष कुर्सी से परिवार के संबंध यहीं खत्म नहीं होते हैं। फारूक के बहनोई गुलाम मोहम्मद शाह 1980 के दशक में मुख्यमंत्री रह चुके हैं। इसके अलावा, शेख अब्दुल्ला के भाई, शेख मुस्तफा कमाल ने राज्य में मंत्री के रूप में काम किया है। जबकि फारूक के चचेरे भाई शेख नजीर, एनसी के सबसे लंबे समय तक सेवारत महासचिव थे। उन्होंने लगभग तीन दशकों तक इस पद पर काम किया था। 2015 में उनका निधन हो गया। पूर्व सीएम और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला इस बार विधानसभा चुनाव में गांदरबल से लड़ रहे हैं।

**इल्तिजा मुफ्ती महबूबा की वारिस** : अब्दुल्ला परिवार के बाद कश्मीर में कोई दूसरा ताकतवर राजनीतिक परिवार है, तब वहां मुफ्ती हैं। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के संस्थापक मुफ्ती मोहम्मद सईद राज्य के मुख्यमंत्री रहे हैं। सईद पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री भी रहे। जब मुफ्ती सईद का निधन हुआ, तब पार्टी की कमान उनकी बेटी महबूबा मुफ्ती ने संभाल ली। पार्टी ने उन्हें पिता की जगह मुख्यमंत्री पद पर भी नियुक्त किया। बेटी महबूबा मुफ्ती के बाद सईद के बेटे, सिनेमैटोग्राफर, तसद्दुक मुफ्ती ने भी राजनीति में कदम रखा। मुफ्ती परिवार की राजनीति में नवीनतम प्रवेशकर्ता हैं महबूबा मुफ्ती की बेटी और मुफ्ती मुहम्मद सईद की नातिन इल्तिजा मुफ्ती।

## जम्मू-कश्मीर में खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल करेंगे चुनाव प्रचार

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए कांग्रेस ने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नाम शामिल किया गया है। जम्मू-कश्मीर में पहले चरण के लिए 18 सितंबर को वोट डाले जाएंगे। कांग्रेस ने पहले चरण के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सूची में जयराम रमेश, अंबिका सोनी, अजय माकन, सलमान खुर्शीद और कन्हैया कुमार को भी शामिल किया है। इसके अलावा इस सूची में हिमाचल के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू, चरणजीत सिंह चन्नी, सचिन पायलट को भी स्टार प्रचारक बनाया है।



**ये है स्टार प्रचारकों की सूची** : मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, रजनी पाटिल, राजीव शुक्ला, मनीष तिवारी, प्रियंका गांधी, इमरान प्रतापगढ़ी, के.सी. वेणुगोपाल, किशोरी लाल शर्मा, अजय माकन, रंजीत रंजन, अंबिका सोनी, रमन भल्ला, भरत सिंह सोलंकी, ताराचंद, तारिक हमीद कर्रा, चौधरी लाल सिंह, सुखविंदर सिंह सुक्खू, पीरजादा मोहम्मद सईद, जयराम रमेश, इमरान मसूद, गुलाम अहमद मीर, पवन खेड़ा, सचिन पायलट, सुप्रिया श्रीनेत, कन्हैया कुमार आदि को कांग्रेस ने स्टार प्रचारक बनाया है।

## भारत अब 64 में से 45 तकनीक के लिए शीर्ष 5 देशों में शामिल, चीन टॉप पर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

- पिछले साल 37वें नंबर से भारत को तकनीक के मामले में बढ़त हासिल
- भारत 64 में से सात प्रौद्योगिकियों में अमेरिका को पछाड़ दूसरे स्थान पर

भारत अब 64 में से 45 प्रौद्योगिकियों के लिए शीर्ष 5 देशों में शामिल हो गया है। पिछले साल भारत 37वें नंबर पर था लेकिन एक साल के भीतर तकनीक के मामले में भारत को यह बढ़त हासिल हुई है। भारत ने 2 नई प्रौद्योगिकियों में दूसरे स्थान पर रहने वाले अमेरिका को पछाड़ दिया है तथा 64 में से सात प्रौद्योगिकियों में दूसरे स्थान पर है। इतना ही नहीं, भारत ने सात प्रौद्योगिकियों में दूसरा स्थान हासिल किया है। क्रिटिकल टेक्नोलॉजी ट्रैकर रिपोर्ट के अनुसार भारत ने 2023 में तकनीकी अनुसंधान के दो उभरते क्षेत्रों जैविक विनिर्माण और वितरित खाता बही प्रौद्योगिकी में दूसरे स्थान पर दावा करने के लिए अमेरिका को पीछे छोड़ दिया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्र में भारत उन्नत डेटा एनालिटिक्स, एआई एल्गोरिदम, हार्डवेयर एक्सेलेरेटर, मशीन लर्निंग, उन्नत एकीकृत सर्किट डिजाइन और निर्माण, प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण और प्रतिकूल एआई सहित विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में अमेरिका और चीन से पीछे है। रिपोर्ट के अनुसार यह 2003-2007 की तुलना में एक बड़ी छलांग है, जब भारत केवल चार प्रौद्योगिकियों के लिए शीर्ष पांच में था। ट्रैकर अंतरिक्ष, रक्षा, ऊर्जा, पर्यावरण, एआई, रोबोटिक्स, जैव प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा, उन्नत कंप्यूटिंग, उन्नत सामग्री और क्वांटम प्रौद्योगिकी सहित कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों को कवर करता है। यह विशेष रूप से 2003 से 2023 तक के डेटा को संकलित करने के साथ ही उच्च-प्रभाव वाले शोध को ट्रैक करता है, जिसे किसी देश के शोध प्रदर्शन, रणनीतिक लक्ष्यों और भविष्य की तकनीकी क्षमता के संकेतक के रूप में सबसे अधिक उद्धृत पत्रों के शीर्ष 10 प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 64 महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में से 57 में आगे रहने पर चीन वैश्विक शोध चार्ट में सबसे ऊपर है। 2003 और 2007 के बीच अमेरिका 60 प्रौद्योगिकियों में अग्रणी था, अब केवल सात क्षेत्रों (2019-2023 रैंकिंग के आधार पर) में शीर्ष स्थान रखता है, जिसमें क्वांटम कंप्यूटिंग और वैक्सीन और चिकित्सा प्रतिवाद शामिल हैं। ब्रिटेन की स्थिति में भी गिरावट आई है, अब यह 37 प्रौद्योगिकियों में शीर्ष पांच में है, जबकि पिछले साल यह 44 प्रौद्योगिकियों में था। एक गुट के रूप में गिने जाने वाले यूरोपीय संघ दो क्षेत्रों छोटे उपग्रह और गुरुत्वाकर्षण बल सेंसर में अग्रणी और 30 में दूसरे स्थान पर है।



## संक्षिप्त समाचार

### भड़काऊ भाषण मामला: मनसे प्रमुख राज ठाकरे के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**लातूर।** महाराष्ट्र की एक अदालत ने मनसे चीफ राज ठाकरे के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। राज ठाकरे के खिलाफ 16 साल पुराने एक मामले में यह वारंट जारी किया गया है। इस मामले में राज ठाकरे एक बार कोर्ट में पेश भी हो चुके हैं। राज पर आरोप है कि उन्होंने साल 2008 में निलंगा शहर में भड़काऊ भाषण दिया था, जिसके बाद मनसे कार्यकर्ताओं ने उदगीर मोड पर परिवहन निगम की बसों को आग लगा दी थी। इस मामले में मनसे प्रमुख और उनके साथ अन्य सात कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। एफआईआर में आरोपी के तौर पर राज ठाकरे का नाम है। इसी मामले को लेकर 2008 से निलंगा कोर्ट में राज ठाकरे और उनके कार्यकर्ताओं के खिलाफ केस चल रहा है। इस मामले में पहले भी एक बार राज ठाकरे कोर्ट में पेश हुए थे। राज ने कोर्ट की हर तारीख पर उपस्थित रहने में खुद को असमर्थ बताया था, जिसके बाद कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी थी, लेकिन अब फिर तारीख पर उपस्थित रहने की वजह से निलंगा कोर्ट ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। इस मामले में पहले सभी आरोपियों के वकीलों ने कोर्ट के सामने जमानत मांगी गई थी, लेकिन कोर्ट में हाजिर न होने से जमानत की अर्जी कोर्ट ने ठुकरा दी थी, लेकिन 30 अगस्त के दिन इन आठ में से चार आरोपी कोर्ट में पेश हुए, जिसके बाद कोर्ट ने नया जुर्माने लगाते हुए उन्हें जमानत दे दी।



### एयर मार्शल तेजिंदर सिंह ने वायु सेना के उप प्रमुख का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** एयर मार्शल तेजिंदर सिंह ने रविवार को भारतीय वायुसेना के उप प्रमुख (डीसीएएस) का पदभार संभाला। उन्होंने वायुसेना मुख्यालय (वायु भवन) में चार्ज लेने के बाद नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को श्रद्धांजलि दी। अत्यधिक अनुभवी लड़ाकू पायलट सिंह को विभिन्न विमानों में 4,500 घंटे से अधिक समय तक उड़ान भरने का अनुभव है। उन्होंने अपने लंबे करियर में कई महत्वपूर्ण कमांड और स्टाफ नियुक्तियां की हैं। एयर मार्शल तेजिंदर सिंह ऐसे महत्वपूर्ण समय में अपना नया पदभार संभाल रहे हैं, जब भारतीय वायु सेना को एलसीए मार्क-1ए, एलसीए मार्क-2 और अपने सुखोई-30 एमकेआई बेड़े के उन्नयन सहित कई महत्वपूर्ण विमान परियोजनाओं को आगे बढ़ाना है। भारतीय वायु सेना को सी-295 परिवहन विमान परियोजना को शामिल करने जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं के साथ-साथ देश में विकसित और निर्मित की जा रही कई हथियार प्रणालियों और मिसाइलों को भी आगे बढ़ाना है। भारतीय सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति ने उनकी सराहनीय सेवाओं के सम्मान में 2007 में वायु सेना पदक और 2022 में अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र एयर मार्शल तेजिंदर सिंह मई, 2023 से सभी महत्वपूर्ण पूर्वी वायु कमान के वरिष्ठ वायु कर्मचारी अधिकारी हैं।



## सीएम नौकरी बांट रहे हैं या मौत?

**एजेंसी। रांची**

- कांस्टेबल भर्ती में हुई मौत मामले में बोले मरांडी



झारखंड के पलामू जिले में आबकारी विभाग की कांस्टेबल भर्ती प्रक्रिया में शारीरिक परीक्षण के दौरान बेहोश हुए अभ्यर्थियों में से 10 की मौत हो गई। वहीं इसे लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम पर तंज कसते हुए पूछा है कि वे नौकरी बांट रहे हैं या मौत। बाबूलाल ने कहा कि उत्पाद सिपाही भर्ती की अधिसूचना 8 अगस्त को निकली और 14 अगस्त को एडमिट कार्ड दिया गया। शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए 22 अगस्त से दौड़ का आयोजन शुरू किया गया। ऐसे में महज 15 दिनों में अभ्यर्थी दौड़ की क्या तैयारी करेंगे? बाबूलाल ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हेमंत सरकार की ओर से आपाधापी में भादो की उमस भरी गर्मी में दौड़ आयोजित कराने के कारण ही राज्य के 6 बेरोजगार युवक मौत के मुंह में समा गए। हेमंत सरकार ने भर्ती केंद्रों पर ना तो पीने के पानी की व्यवस्था है, ना शौचालय की और ना ही महिलाओं के छोटे बच्चों को स्तनपान कराने की कोई व्यवस्था है। ऐसी कुव्यवस्था से तो बेरोजगार युवा मरेंगे ही! बाबूलाल ने कहा कि हेमंत जी, लगता है आपने नौकरी नहीं देने के लिए ही मौत बांटने का इंतजाम पक्का कर दिया है। जनता को बताइए कि आखिर इन 10 बेरोजगार युवकों की मौत का जिम्मेवार कौन है? राज्य सरकार 6 बेरोजगार युवकों के मौत की न्यायिक जांच कराए और मृत युवकों के आश्रितों को उचित मुआवजा तथा सरकारी नौकरी उपलब्ध कराए।

## पोस्ट ऑफिस की धमाकेदार योजना, घर बैठे होगी हर महीने मिलेंगे 20000 रुपए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रिटायरमेंट के बाद भी आपको हर महिने रकम मिलती रहे इसके लिए पोस्ट ऑफिस एक ऐसी योजना है जिसमें आप एकमुश्त निवेश करके हर महीने कमाई कर सकते हैं। एक सरकारी स्कीम है, जो छोटी बचत योजना के तहत संचालित होती है। रिटायरमेंट प्लानिंग के लिए यह योजना काफी लोकप्रिय मानी जाती है। पोस्ट ऑफिस की शानदार योजना सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम (एससीएसएस) है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह योजना पांच साल तक हर महीने करीब 20 हजार रुपये दे सकती है। सरकार इस योजना के तहत 8.2 प्रतिशत का ब्याज भी मिलता है। एससीएसएस योजना के तहत 5 साल की मैच्योरिटी होती है। इसमें मंथली निवेश के बजाय एक बार ही पैसा निवेश कर सकते हैं। इस योजना के तहत सीनियर सिटीजन को लाभ दिया जाता है। इसमें केवल 60 साल से ज्यादा उम्र के लोग निवेश कर सकते हैं। इस योजना पर वर्तमान समय में 8.2 प्रतिशत का रिटर्न मिलता है। कोई भी 60 साल से ज्यादा की उम्र का भारतीय नागरिक इस योजना में एकमुश्त पैसा जमा करा सकता है। इस योजना में अधिकतम 30 लाख रुपये का निवेश कर सकते हैं, पहले यह अमाउंट 15 लाख रुपये थी। अगर आप सीनियर सीटिजन सेविंग स्कीम के तहत 30 लाख रुपये का इन्वेस्टमेंट करते हैं तो आपको हर साल करीब 2 लाख 46 हजार रुपये का ब्याज मिलेगा। अब इस अमाउंट को महीने के हिसाब से कैलकुलेट करें तो यह राशि 20,500 रुपये होगी। इस योजना के तहत 55 से 60 साल के बीच स्वैच्छिक रिटायरमेंट लेने वाले लोग भी अकाउंट खुलवा सकते हैं। यह अकाउंट किसी भी नजदीकी पोस्ट ऑफिस ब्रांच पर जाकर खुलवाया जा सकता है। इस योजना के तहत इनकम पाने वाले नागरिकों को टैक्स भी देना होता है। हालांकि इस बचत योजना पर ब्याज 50 हजार रुपये से ज्यादा है तो उस पर टीडीएस देना होगा, लेकिन अगर आपने फॉर्म 15 जी/15एच भरा है तो ब्याज पर टीडीएस कटौती नहीं होगी।




## नमाज ब्रेक बंद करने के बाद क्या बलि बंद कराएंगे

**नई दिल्ली।** असम विधानसभा में कार्यवाही के दौरान नमाज पढ़ने के लिए ब्रेक होने की परंपरा थी। लेकिन राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने यह कहते हुए बंद करवा दिया कि इससे सदन की कार्यवाही में बाधा आती है। इसको लेकर अब जेडीयू नेता नीरज कुमार ने सीएम पर निशाना साधा है। एनडीए की सहयोगी पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) के नेता नीरज कुमार ने नाराजगी जताई है। नीरज कुमार ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा से राज्य में हिंदू धर्म में होने वाले रीति-रिवाजों पर भी कदम उठाने को कहा है। असम विधानसभा द्वारा शुक्रवार की नमाज के लिए विधानसभा की कार्यवाही स्थगित करने के नियम में संशोधन पर जद-यू नेता नीरज कुमार ने कहा कि 'असम सरकार का यह फैसला संविधान के मानक के खिलाफ है। सभी धर्मों को अपनी परंपराओं और रीति-रिवाजों को जिंदा रखने का अधिकार है। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा कहते हैं कि इससे विधानसभा में काम करने की क्षमता बढ़ेगी। फिर मैं उनसे कामाख्या मंदिर में 'बलि प्रथा' को रोकने के लिए कहना चाहूंगा, किसी को भी धार्मिक प्रथाओं पर हमला करने का अधिकार नहीं है।

## हमले के बाद गिरिराज सिंह ने त्रिशूल के साथ फोटो किया पोस्ट

**नई दिल्ली।** अपने बयानों के लिए चर्चा में रहने वाले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह पर शनिवार को एक युवक ने हमले की कोशिश की। इसके बाद मंत्री के तेवर कुछ बदलते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया से लेकर मीडिया से बातचीत के दौरान वह अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। उन्होंने एक्स पर एक फोटो पोस्ट किया है। इस फोटो में वह त्रिशूल के साथ नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट को अब तक 97 हजार से ज्यादा लोगों ने देखा है और 10 हजार से ज्यादा लोगों ने लाइक किया है। बता दें कि उन पर हमला तब हुआ जब वह जनता दरबार में लोगों की बात सुन रहे थे। घटना बेगूसराय के बलिया प्रखंड की है। सुरक्षकर्मियों ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहम्मद सैफी के रूप में की गई है। अपने बयानों से सुर्खियों में रहने वाले मंत्री इस हमले के बाद तल्ख नजर आ रहे हैं। हालांकि फोटो में उनके हाथ में त्रिशूल जरूर है लेकिन। उनकी भाव-भंगिमाएं काफी शांत है। हमेशा की तरह उन्होंने अपने माथे पर महाकाल लिखा टोपी पहन रखा है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा 'त्रिशूल हमारा गौरव व स्वाभिमान है। हम-आप सब जब त्रिशूल की रक्षा करेंगे तो त्रिशूल से भी हमारी रक्षा होगी।



## हरियाणा में टिकटों को लेकर मचा घमासान, शाह ने किया दौरा रद्द

**एजेंसी। जींद**

हरियाणा में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। सभी पार्टियां अपने-अपने उम्मीदवार को मैदान में उतारे मंथन कर रही हैं। वहीं बीजेपी में टिकटों को लेकर घमासान मचा हुआ है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का हरियाणा दौरे पर जाने वाले थे अब उनका यह दौरा रद्द हो गया है। उन्हें एक सितंबर को जींद में जन आशीर्वाद रैली में शामिल होना था। इसी रैली से बीजेपी राज्य में चुनाव अभियान की शुरुआत करनी वाली थी। सूत्रों के मुताबिक माना जा रहा है टिकटों पर मचे घमासान को लेकर अमित शाह ने जींद रैली में आना रद्द कर दिया है। रैली के संयोजक पूर्व सांसद संजय भाटिया ने शनिवार को शाह का कार्यक्रम रद्द होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी और प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष मोहनलाल बडोली जींद में जन आशीर्वाद रैली को संबोधित करेंगे। रैली में कई पूर्व विधायक और वरिष्ठ नेता बीजेपी में शामिल होंगे।



संजय भाटिया ने कहा है कि बीजेपी विधानसभा चुनाव अपनी सरकार की दस साल की उपलब्धियां के आधार पर लड़ेगी। उन्होंने बीजेपी के तीसरी बार सत्ता में आने का दावा करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में भले ही बीजेपी पांच सीटें हार गई हो लेकिन बीजेपी ने विधानसभा की 46 सीटों पर जीत दर्ज की थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक ऐसा काम बताएं जिसके कारण प्रदेश के लोग उसे सत्ता में लाने की सोचें।

## एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने मध्य वायु कमान के चीफ का कार्यभार संभाला


**एजेंसी। नई दिल्ली**

मध्य वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के पद पर एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित को नियुक्त किया गया है। उन्होंने रविवार को कार्यभार ग्रहण किया। सराहनीय सेवाओं के लिए उन्हें भारतीय सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति के हाथों अति विशिष्ट सेवा पदक, वायु सेना पदक और विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया जा चुका है। प्रयागराज में सेंट्रल एयर कमांड के एओसी-इन-सी के रूप में कार्यभार संभालने पर एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। प्रयागराज में परेड का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने युद्ध स्मारक पर माल्यार्पण करके शहीदों को श्रद्धांजलि दी। एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित को 06 दिसंबर, 1986 को भारतीय वायुसेना की लड़ाकू शाखा में शामिल किया गया था। एयर ऑफिसर एक प्रायोगिक परीक्षण पायलट और एक योग्य उड़ान प्रशिक्षक हैं। उनके पास भारतीय वायु सेना के विभिन्न विमानों पर 3300 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है। वे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज (बांग्लादेश) और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने ऑपरेशन सफेद सागर और ऑपरेशन रक्षक जैसे कई ऑपरेशन और अभ्यासों में सक्रिय रूप से भाग लिया है। वायु सेना में 37 वर्षों से अधिक के अपने शानदार करियर में एयर ऑफिसर ने कई महत्वपूर्ण फील्ड और स्टाफ नियुक्तियां संभाली हैं। कमांडिंग ऑफिसर के रूप में उन्होंने भारतीय वायु सेना की एक स्क्वाड्रन को अत्याधुनिक मिराज विमान से सुसज्जित किया। बाद में पश्चिमी क्षेत्र में एक फ्रंटलाइन लड़ाकू हवाई अड्डे और दक्षिणी क्षेत्र में एक प्रीमियर लड़ाकू प्रशिक्षण अड्डे की कमान संभाली। उन्होंने वायु सेना परीक्षण पायलट स्कूल में एक डायरेक्टिंग स्टाफ के रूप में काम किया है। वे वायु सेना मुख्यालय में प्रिंसिपल डायरेक्टर एयर स्टाफ रिक्वायरमेंट के पद पर रह चुके हैं।



## परवेज मुशर्रफ की 13 बीघा जमीन नीलाम करेगी योगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ और उनके भाईयों के नाम करीब 13 बीघा जमीन है, जिसे उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार बेचने जा रही है। इसके लिए बोली लगाई जाएगी। भारत सरकार के आदेश पर योगी सरकार शत्रु संपत्ति नियम के तहत यह कार्रवाई कर रही है। 5 सितंबर तक इसकी निलामी प्रक्रिया चलेगी। विभाजन से पहले मुशर्रफ का परिवार बागपत जिले के कोताना गांव में रहता था। उनके पिता मुशर्रफुद्दीन और माता बेगम जरीन दोनों ही इसी गांव की रहने वाली थीं। यह परिवार आजादी से पहले 1943 में दिल्ली जाकर रहने लगा। गांव में उनकी एक हवेली थी, जो कि अब खंडहर में तब्दील हो चुकी है। भारत का बंटवारा होने के बाद यह परिवार पाकिस्तान चला गया। बाद में भारत सरकार द्वारा बनाए गए नियम के मुताबिक, इसे शत्रु संपत्ति घोषित कर दी गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मुशर्रफ परिवार की कुछ जमीन पहले भी बेची जा चुकी है। उनके भाई के नाम पर भी यहां संपत्ति थी।



## गृह मंत्रालय ने गुजरात में बारिश और बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी केन्द्रीय दल का गठन किया

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने गुजरात में बारिश और बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम) के कार्यकारी निदेशक के नेतृत्व में एक अंतर-मंत्रालयी केन्द्रीय दल (आईएमसीटी) का गठन किया है। आईएमसीटी जल्द ही गुजरात के बाढ़ प्रभावित जिलों का दौरा करेगी। 25-30 अगस्त के दौरान, राजस्थान और गुजरात के ऊपर बने गहरे दबाव के कारण गुजरात भारी से अत्यंत भारी वर्षा से बुरी तरह प्रभावित हुआ। मध्य प्रदेश और राजस्थान भी भारी से बहुत भारी वर्षा से प्रभावित हुए हैं। इस वर्ष, हिमाचल प्रदेश भी भारी बारिश, बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं से प्रभावित हुआ है। गृह मंत्रालय इन राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों के संपर्क में है और अगर वहां से गंभीर नुकसान की सूचना मिलती है तो वहां भी आईएमसीटी भेजी जाएगी। वर्तमान मानसून सीजन के दौरान कुछ अन्य राज्य भी भारी वर्षा, बाढ़, बादल फटने और भूस्खलन आदि से प्रभावित हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार, आपदा-प्रभावित राज्यों को हरसंभव मदद देने के प्रति पूरी तरह कटिबद्ध है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार सर्किल में एसबीआई के बाद आईपीपीबी के सर्वाधिक ग्राहक



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के सातवें स्थापना दिवस पर प्रधान डाकघर परिसर में शनिवार को कार्यक्रम हुआ। मौके पर आईपीपीबी के उत्तर क्षेत्रीय प्रमुख अभिषेक कुमार चौधरी ने बैंक की उपलब्धियों को बताया। कहा कि बेहतर सेवा के कारण बिहार सर्किल में स्टेट बैंक के बाद उनके पास सर्वाधिक ग्राहक हैं। डाक विभाग से मिले समर्थन के साथ इस बैंक के 1.4 करोड़ संतुष्ट ग्राहक हैं। वहीं, प्रवर डाकपाल गिरीश कुमार दास ने आईपीपीबी द्वारा डीबीटी और आधार के जरिए ग्रामीण तबके को दी जाने वाली मदद के बारे में जानकारी दी। जबकि मुजफ्फरपुर शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कुमार ने भी बैंक की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। मौके पर पंकज कुमार (वरिष्ठ प्रबंधक, क्षेत्रीय कार्यालय), विपुल कुमार (प्रबंधक, शाखा), चंदन कुमार (सहायक प्रबंधक, क्षेत्रीय कार्यालय), अजीत कुमार, रौशन कुमार, विवेक कुमार और अन्य उपस्थित थे।

### अशोक चौधरी को मंत्री पद व पार्टी से हटाना चाहिए

**गया, एजेंसी।** जदयू के वरिष्ठ नेता सूबे के मंत्री अशोक चौधरी ने जहानाबाद में एक खास जाति के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया है। इसकी हर ओर निंदा हो रही है। मुख्यमंत्री को अशोक कुमार को मंत्री पद से हटाने के साथ ही पार्टी की सदस्यता भी खत्म कर देनी चाहिए। ये बातें शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में लोकप्रिय समता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वसीम नैयर अंसारी ने कही। अशोक चौधरी जी पढ़े लिखे इंसान हैं, इस तरह का टिप्पणी करना उनपर शोभा नही देता है। इस बयान के लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। पार्टी के राष्ट्रीय संगठन प्रभारी सह प्रदेश अध्यक्ष, विहार धीरू शर्मा ने कहा कि भूमिहार समाज से आते हैं, समाज के सम्मान के साथ खिलवाड़ करने का किसी को अधिकार नहीं है। जदयू पार्टी में हजारों की संख्या में भूमिहार हैं। इस तरह के आपत्तिजनक टिप्पणी से पार्टी को भी नुकसान पहुंचेगा।

### एमएलसी ने की 50 लाख रुपये अनुदान देने की घोषणा

**दरभंगा, एजेंसी।** बिहार विधान परिषद के सदस्य सर्वेश कुमार ने लनामिवि के पीजी राजनीति विज्ञान विभाग में स्थापित भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर व भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर चेयर के लिए 50 लाख रुपए का अनुदान देने की घोषणा की है। इससे पहले उन्होंने डॉ. नागेंद्र झा स्टेडियम के पुनरुद्धार के लिए एक करोड़ रुपए का अनुदान देने की घोषणा की थी। ये घोषणाएं उन्होंने राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में की। इन कार्यक्रम में वे बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे। इन घोषणाओं के लिए कुलपति प्रो. एसके चौधरी की भी सराहना हो रही है। पीजी राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. मुनेश्वर यादव के विशेष आग्रह और विभाग में शोध की गुणवत्ता एवं अध्ययन गतिविधियों के मद्देनजर श्री कुमार ने यह घोषणा की। इस घोषणा से विभाग में उल्लास का माहौल है। इस सहायता राशि से उक्त चेयर से संबंधित अध्ययन, संगोष्ठी, कार्यशाला, गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान, सामाजिक-राजनीतिक प्रतिवेदन, पुस्तक प्रकाशन तथा अन्य क्रिया-कलापों को बल मिलेगा।

### सीएम से मिले सम्राट चौधरी, शाहनवाज हुसैन, विजय चौधरी

**पटना, एजेंसी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, मंत्री विजय कुमार सिन्हा और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने शनिवार को उनके आवास पर मुलाकात की। 45 मिनट की मुलाकात के दौरान सभी नेताओं ने केंद्र की योजना, बिहार के विकास की चर्चा की। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए शानदार जीत हासिल करेगा। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का तेज गति से विकास हो रहा है। बिहार में रेल, सड़क, पुल, हवाई उड़ान, उद्योग क्षेत्र, स्वास्थ्य, मेडिकल कॉलेज, कृषि एवं अन्य सभी क्षेत्रों के विकास के लिए केंद्र सरकार लगातार सहयोग दे रही है।

# भाजपा का सदस्यता अभियान 54 दिन चलेगा

# तीन सितंबर से शुरुआत

## मंत्री, सांसद, विधायक, एमएलसी क्षेत्र में 11 से 17 तक प्रवास करेंगे

**पटना, एजेंसी।** बिहार में भाजपा का सदस्यता अभियान 3 सितंबर से शुरू होगा। हर दिन 2 लाख से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। 54 दिनों तक चलने वाले सदस्यता अभियान में भाजपा 1 करोड़ से अधिक सदस्य बनाने की कोशिश करेगी। इसमें संसद से लेकर बूथ स्तर तक के नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। हर बूथ अध्यक्ष को 200 सदस्य बनाने होंगे। सदस्यता अभियान के तहत केंद्रीय मंत्री, राज्य के मंत्री, सांसद, विधायक, एमएलसी क्षेत्र में 11 से 17 सितंबर तक प्रवास करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि सदस्यता अभियान से लोगों को जोड़ने के लिए चरणबद्ध तरीके से काम किया जाएगा। इसके लिए जरूरी निर्देश नेताओं को दिए गए हैं। 3 चरण में चलेगा अभियान भाजपा सदस्यता अभियान विधानसभा स्तर से चला रही है। बिहार को 243 हिस्सों में बांटा गया है। इसकी जिम्मेदारी विधानसभा स्तर के नेताओं को दी गई है। साथ ही 38 जिलों और 9 प्रमंडलों में विभाजित करके सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। सदस्यता अभियान 3 चरण में चलेगा। पहला चरण 3 से 25 सितंबर तक चलेगा। इसमें सामान्य सदस्य बनाए जाएंगे। इसमें हर वर्ग, हर क्षेत्र, हर समुदाय के लोगों को सदस्य बनाया जाएगा। अभियान के जरिए पार्टी शिक्षक, व्यापारी, चिकित्सक, अधिवक्ता, साहित्यकार, चित्रकार, सीए, कलाकार, खिलाड़ी, पूर्व सैनिक सहित समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचेगी। दूसरा चरण 1 से 16 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें सक्रिय सदस्य बनाए जाएंगे।



अंतिम चरण 16 से 31 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें सदस्यता अभियान की समीक्षा के साथ ही ऐसे लोगों को सदस्य बनाया जाएगा, जिनके पास मोबाइल नहीं है। संगठन के पदाधिकारियों को कैंप लगा करके सदस्य बनाना है। इस दौरान विभिन्न मोर्चा के कार्यकर्ता अपने विभाग एवं प्रकोष्ठ को लोगों को सदस्य बनाएंगे।

### हर रविवार अटल दिवस

पार्टी में पदाधिकारी बनने के लिए सक्रिय सदस्य बनना अनिवार्य है। जबकि सक्रिय सदस्य बनने के लिए 100 लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलानी होगी। पहले चरण में 4 सितंबर से बिहार के 9 प्रमंडलों में केंद्रीय मंत्री व वरिष्ठ नेता सदस्यता अभियान शुरू करेंगे। 5 सितंबर को सभी जिला मुख्यालयों पर अभियान शुरू होगा। लोगों को जोड़ने के लिए हर रविवार को अटल दिवस मनाया जाएगा।

### बिहार में 1 करोड़ से ज्यादा सदस्य बनाने का लक्ष्य है : जीवेश मिश्रा

पटना बिहार भाजपा सदस्यता अभियान के संयोजक जीवेश मिश्रा ने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान दो सितंबर से शुरू होने वाला है। इसके तहत बिहार में 1 करोड़ से ज्यादा सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता में जीवेश मिश्रा ने कहा कि पांच तरह से लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। समाज के सभी वर्गों तक हम पहुंचेंगे और सबको सदस्य बनाएंगे। अभियान की शुरुआत दो दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदस्य बनकर करेंगे। भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो संपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चलती है। इसके तहत छह वर्षों में पुराने सदस्य भी नए सदस्यों के साथ पुनः सदस्यता ग्रहण करते हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री फिर से सदस्यता लेंगे। प्रदेश स्तर पर तीन सितंबर को बड़े पैमाने पर इसकी शुरुआत की जाएगी। चार सितंबर को बिहार के सभी 9 प्रमंडलों में केन्द्रीय मंत्री व वरीय नेता सदस्यता अभियान शुरू करेंगे। पांच सितंबर को सभी जिला मुख्यालयों पर वरीय नेताओं, मंत्रियों, विधायक, सांसद द्वारा सदस्यता अभियान करेंगे और 11 से 17 सितंबर तक महाभियान चलाएंगे।



# जदयू नेता केसी त्यागी ने पद से दिया इस्तीफा

### पार्टी बोली- निजी वजह, नए प्रवक्ता का हुआ ऐलान

**पटना, एजेंसी।** बिहार में बड़ी सियासी हलचल हुई है। राज्य में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। लेकिन बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी की तरफ से प्रेस रिलीज जारी कर अभी यह कहा गया है कि केसी त्यागी ने निजी कारणों की वजह से पार्टी के प्रवक्ता पद से इस्तीफा दिया है। जदयू ने केसी त्यागी के इस्तीफे के बाद नए राष्ट्रीय प्रवक्ता का ऐलान भी कर दिया है। केसी त्यागी की जगह अब राजीव रंजन प्रसाद को जदयू का राष्ट्रीय प्रवक्ता घोषित किया गया है। जनता दल यूनाइटेड के महासचिव आफाक अहमद खान की तरफ से विज्ञप्ति जारी कर कहा गया है, जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने राजीव रंजन प्रसाद को राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया है। केसी त्यागी जो प्रवक्ता के पद पर पार्टी में हैं, उन्होंने निजी कारण से पार्टी के प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया है। बताया जा रहा है कि केसी त्यागी पार्टी के राजनीतिक सलाहकार बने रहेंगे केसी त्यागी की जदयू के दिग्गज नेता हैं और कई मोर्चों पर केसी त्यागी पार्टी की तरफ से बोलते आए हैं। तेज तर्रार प्रवक्ता और कुशल राजनेता के तौर पर जाने जाने वाले केसी त्यागी के इस्तीफा ने सबको चौंका दिया है।

### केंद्रीय मंत्री ने कहा- चिराग पूरे इंडिया की राजनीति नहीं कर रहे हैं

# हर 10 वर्ष पर आरक्षण की समीक्षा जरूरी : मांझी

### हम पार्टी का सदस्यता अभियान शुरू हुआ

**पटना, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने फिर चिराग पासवान पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान ही पूरे इंडिया की राजनीति नहीं कर रहे हैं। प्रत्येक 10 वर्षों पर आरक्षण की समीक्षा जरूरी है। हमारे पास 18 जातियों के 3500 से अधिक लोग मिलने आए थे। निकट भविष्य में ये लोग सड़क पर आ रहे हैं। कारण, एक ही आदमी मलाई खा रहा है। हर तरह का लाभ ले रहा है।

जज, इंजीनियर, कलेक्टर, एसपी, इंजीनियर, इंजीनियर इन चीफ हो रहा है। 76 वर्ष बीत गए। आखिर कबतक चलेगा।



बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने कहा था कि 10 वर्षों में आरक्षण की समीक्षा होनी चाहिए। जिससे मालूम चले कि किस वर्ग को कितना लाभ पहुंचा है। इससे जो वर्ग पिछड़ा है, उसके विकास में मदद मिलेगी। हमारी पार्टी एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर के खिलाफ है। मांझी शनिवार को हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के सदस्यता अभियान की शुरुआत के मौके पर बोल रहे थे। मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कार्यकर्ताओं से पार्टी और नेता की आइडियोलॉजी को लोगों तक पहुंचाने की अपील की। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि सभी जिलाध्यक्षों को कम से कम 10000 सदस्य बनाने हैं। जिस जिले में ज्यादा सदस्य बनेंगे और जिस विधानसभा क्षेत्र में सदस्यता अभियान के दौरान ज्यादा सदस्य होंगे, वहां पर चुनाव लड़ने के लिए पार्टी दावेदारी करेगी। किसी जिले के विधानसभा क्षेत्र में हम काफी मजबूत स्थिति में हैं तो वहां पर प्रत्येक बूथ स्तर पर कम से कम 10 सदस्य अवश्य होने चाहिए। इस मौके पर पार्टी के सभी चारों विधायक सहित पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी राष्ट्रीय पदाधिकारी सहित नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मध्यदेशीय वैश्य समाज के साथ हैं, मिलेगा हक : मंत्री

**गया, एजेंसी।** मध्यदेशीय वैश्य समाज (हलवाई) के साथ हूं। समाज को हक और अधिकार मिलना चाहिए। वैश्य समाज को हक मिलेगा। ये बातें सूबे के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने शनिवार को महात्मा गणिनाथ जयंती पूज्नोत्सव सह सम्मेलन में कहीं। अखिल भारतीय मध्यदेशीय (हलवाई) वैश्य सभा की जिला शाखा व युवा समिति की ओर आयोजित 78वें जन्मोत्सव सह हम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि मंत्री ने कहा कि मध्यादेशीय वैश्य समाज के साथ हूं। समाज का भी हमेशा साथ मिला है। आगे भी साथ मिलने की उम्मीद है। विधायक व पूर्व मंत्री कुमार सर्वजीत ने कहा कि हलवाई समाज को उचित राजनैतिक हक हर हाल में मिलना चाहिए। वैश्य समाज को उसके अधिकार से कोई वंचित नहीं कर सकता है। साथ ही समाज के उत्थान के बच्चों को अच्छी शिक्षा दें। बेटियों को पढ़ाएं। उन्होंने कहा कि हक दिलाने के लिए वे समाज के साथ हैं। विधायक ज्योति मांझी ने कहा कि मेहनती वैश्य समाज को भागादारी मिलनी चाहिए। केंद्र व राज्य सरकार की जिम्मेवारी बनती है कि वे हक दें।

**सबसे अधिक आबादी के बाद भी राजनीतिक लाभ नहीं: जिलाध्यक्ष :** समारोह की अध्यक्षता करते हुए सभा के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता ने कहा कि हर साल समाज के उत्थान व विकास को लेकर आयोजित होने वाले समारोह में सैलाब उमड़ता है। वैश्य समाज में सबसे अधिक आबादी हलवाई समाज की है। बावजूद इस समाज को राजनीतिक लाभ से वंचित रखा जा रहा है। अध्यक्ष ने कहा कि बच्चों ने भी गीत-संगीत का कार्यक्रम पेश किया। बच्चों को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार गुप्ता ने सरकार से गणिनाथ जयंती पर सरकारी अवकाश घोषित करने की मांग की। मंच संचालन जिला महामंत्री शिव कुमार ने किया। इस मौक पर राष्ट्रीय संरक्षक अनिल कुमार, सच्चिदानंद प्रसाद, नरेंद्र कुमार गुप्ता, शुकुल प्रसाद, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार डबलू, युवाध्यक्ष मुकेश कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मधेशिया,पूर्व महामंत्री परमानंद गुप्ता, कार्यकारी महामंत्री अनिल कुमार भोला, अजय गुप्ता, मृत्युंजय कुमार, अमर कुमार,धर्मेंद्र कुमार सहित भारी संख्या में समाज के लोग शामिल रहे।

# किशोर की बरामदगी नहीं होने के खिलाफ रोड जाम, आगजनी

**छपरा, एजेंसी।** छपरा -पटना मुख्य मार्ग 3 घंटे तक रहा सांढा ओवर ब्रिज के पास जाम 24 अगस्त को टाउन थाना क्षेत्र के मौना जटही पोखरा मोहल्ले के रहने वाले किराना व्यवसाई का स्कूल के लिए निकला बेटा हो गया है गायब परिजनों ने टाउन थाने में बेटे के गायब होने की एफआईआर करायी है दर्ज टाउन थाना इंस्पेक्टर और मुफस्सिल थाना इंस्पेक्टर ने मौके पर पहुंचकर गुस्साए लोगों को समझा बुझा कर जाम हटाया फोटो 1 बच्चे की बरामदगी के लिए शनिवार को सांढ़ा ओवर ब्रिज के नीचे आगजनी कर रोड जाम करते गुस्साए मोहल्ले के लोग पेज तीन की लीड छपरा, हमारे संवाददाता। घर से स्कूल के लिए निकले लापता बच्चे की हफ्ते भर बाद भी बरामदगी नहीं होने से गुस्साए लोगों ने शनिवार को सांढा ओवरब्रिज के पास रोड जाम कर आगजनी की। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सांढा ओवर ब्रिज के नीचे टाउन थाना क्षेत्र के मौना जटही पोखरा मोहल्ले के लोगों ने तीन घण्टे तक आवागमन ठप कर दिया था। रोड जाम कर रहे लोगों में गुस्सा था कि 24 अगस्त को घर से शहर में ही श्री किशुन प्रसाद मध्य विद्यालय स्कूल के लिए निकला बच्चा गायब हो गया।पुलिस अभी तक उसे बरामद नहीं कर पाई। किराना व्यवसायी विनोद कुमार मांझी के 14 वर्षीय पुत्र सातवीं कक्षा का छात्र है। रिशु कुमार मांझी घर नहीं लौटा। परिजनों ने टाउन थाने में एफआईआर दर्ज कराई है लेकिन किशोर बरामद नहीं हो पाया। इसी बात को लेकर परिजन और मोहल्ले के लोग छपरा पटना मार्ग को जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही टाउन थाने के इंस्पेक्टर संजीव कुमार, मुफस्सिल थाने के इंस्पेक्टर विशाल आनंद और भारी संख्या में पुलिस पदाधिकारी और जवान मौके पर पहुंचे और गुस्साए लोगों को किसी तरह से समझा बुझा कर जाम को हटवाया। पुलिस ने रोड पर जल रहे टायर को खुद पानी डालकर बुझा दिया। पुलिस पदाधिकारी ने आश्वासन दिया कि 10 दिन के अंदर बच्चे को पुलिस बरामद करेगी। उसके बाद किसी तरह से रोड पर आगजनी व जाम करने वाले को रोड से हटाया गया। छपरा- पटना मार्ग जाम किए जाने को लेकर ट्रैफिक पुलिस के इंस्पेक्टर सुधीर कुमार ने खुद कचहरी स्टेशन के पास ओवर ब्रिज पर खड़ा होकर आम लोगों की गाड़ियों को रोक दिया ताकि गाड़ी को किसी तरह का नुकसान न पहुंचे। जाम की वजह से कई स्कूल व पटना जाने वाली बसें और कई प्राइवेट कार भी घंटे खड़ी रही। यातायात को सुचारू बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस के सब इंस्पेक्टर के डी यादव व अन्य जवानो ने गाड़ियों की आवा जाही शुरू करायी तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली । इसके बाद गाड़ियों का परिचालन सुचारू रूप से शुरू हो गया।

# बिहार पशु विज्ञान विवि में पौधरोपण: हमारी संस्कृति और परंपरा में पौधों का महत्वपूर्ण स्थान है : राज्यपाल

**पटना, एजेंसी।** किसानों को सम्मानित किया गया राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में पौधरोपण किया। विवि सभागार में हुए समारोह में राज्यपाल ने कहा कि पर्यावरण के लिए पेड़-पौधों के साथ-साथ पशु भी आवश्यक हैं। सर्वजन के तहत वे सभी प्राणी आते हैं जिनमें जीवन और प्रजनन क्षमता है। इसके अंतर्गत पेड़-पौधे और पशु-पक्षी सहित समस्त जीव आते हैं और उनका संरक्षण हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति और परंपरा में पौधों का महत्वपूर्ण स्थान है। हमारे ऋषियों और मनीषियों ने भी प्रकृति के सानिध्य में रहने तथा अधिकाधिक पेड़ लगाकर प्रकृति के संरक्षण का संदेश दिया है। अपने घरों में तुलसी का पौधा लगाकर उसकी पूजा, वट वृक्ष की पूजा आदि अनेक प्रकार की पूजा पद्धतियां हमें प्रकृति से जोड़ती हैं और इससे उसका संरक्षण होता है। हजारों वर्षों की इस परंपरा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने मां के साथ जोड़कर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान शुरू किया और अपनी मां के नाम पर पौधा लगाकर प्रकृति के संरक्षण का आह्वान किया है। हमें इस अभियान से जुड़कर पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार प्रयत्नशील है। हमारा देश पेरिस सम्मेलन के निर्णयों



के प्रति भी कटिबद्ध है। बिहार का वन क्षेत्र राष्ट्रीय औसत की तुलना में काफी कम है। इस राज्य के वन क्षेत्र को बढ़ाने का दायित्व हम सबका है। हमें अधिकाधिक पौधरोपण करना चाहिए। इस अवसर पर राज्यपाल ने वैज्ञानिकों और बिहार के प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम को पर्यावरण मंत्री डॉ. प्रेम कुमार, पशु विज्ञान विवि के कुलपति डॉ. डीआर सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर डॉ. उमेश सिंह, डॉ. वीर सिंह आदि मौजूद थे।

# बिहार में डेंगू का विस्फोटक, पटना बना हॉट स्पॉट




### एक दिन में 53 मरीज मिलने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप

**पटना, एजेंसी।** बिहार में डेंगू विस्फोटक रूप लेता जा रहा है। राजधानी पटना के कंकड़बाग और अजीमाबाद हॉटस्पॉट बन गए हैं। शनिवार को डेंगू के 33 और राज्य भर में 53 मरीज मिले हैं। इनमें कंकड़बाग से आठ, अजीमाबाद से छह, एनसीसी अंचल से पांच, पटना सिटी से 4, बांकीपुर अंचल से दो और पाटलिपुत्र अंचल से एक मिले हैं। बाकी की पहचान नहीं हो पाई है। अब कुल डेंगू संक्रमितों की संख्या बढ़कर 280 पर पहुंच गयी है। राज्य के अन्य जिलों में भी जांच में डेंगू पीड़ित मरीज मिल रहे हैं। इससे राज्य के स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। एक दिन पहले भी 18 डेंगू पीड़ित पटना में मिले हैं।

पटना में इस वर्ष अबतक कंकड़बाग, अजीमाबाद और बांकीपुर अंचल सबसे बड़ा हॉट स्पॉट बनकर उभरे हैं। अबतक मिले कुल डेंगू पीड़ितों में आधे से ज्यादा इन्हीं तीन अंचलों से मिले हैं। इन अंचलों के दर्जन भर से ज्यादा मोहल्ले जलजमाव, खुले सीवर और ध्वस्त मैनहोल से त्रस्त है। कंकड़बाग अंचल में अबतक 70 संक्रमित मिले कंकड़बाग अंचल के योगीपुर, चित्रगुप्तनगर, बैंकमेन्स कॉलोनी, काली मंदिर रोड, हनुमाननगर, भूतनाथ रोड, अगमकुआं थाने के आसपास के मोहल्ले अब डेंगू के हॉट स्पॉट बन गए हैं। शहर का पहला डेंगू पीड़ित इस बार योगीपुर मोहल्ले से ही मिला था। योगीपुर, चित्रगुप्तनगर इलाके में जर्जर सड़क, गड्ढ़े, ध्वस्त नालियां और खाली प्लॉट में जमा पानी डेंगू मच्छरों के लिए अनुकूल माहौल बना रहा है। मोहल्ले में निजी क्लीनिक चलानेवाले चिकित्सक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से आ रहे बुखार पीड़ितों में लगभग 20 प्रतिशत डेंगू पीड़ित मिल रहे हैं। बताया कि दो दिन पहले उन्होंने लक्षण के आधार पर पांच लोंगों की जांच कराई थी, उनमें से तीन को डेंगू से ग्रसित पाया गया। डॉ. राजीव रंजन ने बताया कि निगम अजीमाबाद अंचल में अबतक 61 लोग डेंगू से ग्रसित हो चुके हैं। अगर निजी अस्पतालों व क्लीनिकों में पहुंच रहे मरीजों की मानें तो यह आंकड़ा 100 के पार पहुंच गया है। आलमगंज से शनिचरा मंदिर तक कई इलाके में डेंगू का प्रकोप बढ़ा है। एनएमसीएच में मेडिसिन विभाग के हेड डॉ. अजय कुमार सिन्हा ने बताया कि यहां होनेवाली जांच में अब डेंगू पीड़ित मिलने लगे हैं। मच्छरदानी का प्रयोग, आसपास में पानी नहीं जमने देने आदि का सुझाव दिए। इस साल एक जनवरी से 30 अगस्त तक राज्य के विभिन्न जिलों में 728 डेंगू पीड़ित हो चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग को जिलों से मिली रिपोर्ट के अनुसार शुक्रवार को पटना में 33, दरभंगा 3, बेगूसराय 3, मुजफ्फरपुर 2, नालंदा 2, सीवान में 2 मरीज मिले। अरवल, भागलपुर, जहानाबाद, कटिहार, मधुबनी, नवादा, सारण और वैशाली में एक-एक मरीज मिले हैं।

### कहते हैं अधिकारी

डेंगू के हॉट स्पॉट बने पटना के तीनों अंचलों कंकड़बाग, बांकीपुर और अजीमाबाद अंचलों के कार्यपालक पदाधिकारियों को विशेष अभियान चलाकर प्रभावित मोहल्ले में फॉगिंग और एंटी लार्वासाइड का छिड़काव कराने का निर्देश दिया गया है।इसकी मॉनिटरिंग के लिए भी कहा गया है।अगले सप्ताह डेंगू पर विशेष बैठक भी आयोजित की जाएगी।– डॉ. चंद्रशेखर सिंह, डीएम, पटना। बांकीपुर अंचल के बाजार समिति, राजेन्द्रनगर, लोहानीपुर, कदमकुआं, सब्जीबाग, जीएम रोड, मुसल्लहपुर हाट, महेन्द्रू, इलाके से लगातार डेंगू पीड़ित अस्पताल पहुंच रहे हैं।मोहल्ले के विकास सिंह ने बताया कि निर्माण कार्य, गंदगी के कारण इन मोहल्लों में 15 दिनों से मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ गया है।आसपास के तीन–चार घरों में लोग डेंगू से पीड़ित भी हो चुके हैं।जिला स्वास्थ्य समिति के एक पदाधिकारी और एक चिकित्सक के परिवार के सदस्य भी डेंगू से ग्रसित हो गए थे।अबतक 58 लोग डेंगू से पीड़ित हो चुके हैं।

### पर्याप्त मात्रा में निशुल्क दवा की है उपलब्धता

स्वास्थ्य विभाग के अपर निदेशक सह मलेरिया के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि डेंगू नियंत्रण के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। अस्पतालों में मरीजों के लिए बेड, दवा और प्लेटलेट्स की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई है।पर्याप्त मात्रा में दवा की निशुल्क उपलब्धता है।ब्लड बैंक से प्लेटलेट्स भी उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना में 20 जुलाई से नाबालिग लड़की लापता, घर से पायल खरीदने के लिए निकली थी



**पटना।** पटना के आशोचक मोहल्ले से नाबालिग लड़की 20 जुलाई से लापता है। लड़की घर से पायल खरीदने के लिए निकली थी। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। परिजनों का आरोप है रामकृष्ण नगर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। थक-हारकर लड़की की मां शनिवार को IG मुख्यालय पहुंची। इस दौरान मुख्यालय में मौजूद डीएसपी विधि व्यवस्था कोतवाली कृष्ण मुरारी प्रसाद से उन्होंने न्याय की गुहार लगाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने संबंधित थानेदार को फोन कर उचित कार्रवाई का निर्देश दिया। पीड़िता ने बताया कि बेटी के बारे में पूछने पर थाने से भाग दिया जाता है। सिर्फ इतना ही कहा जाता है कि काम चल रहा है। घर जाइए मिल जाएगी तो फोन कर देंगे। इतना बोलते ही फफक-फफक कर रो पड़ीं। डीएसपी विधि व्यवस्था ने उन्हें मदद का आश्वासन दिया है।

### बिहटा SBI मेन ब्रांच के एसी पैनल में लगी आग, शॉर्ट सर्किट से हुआ हादसा



**पटना।** पटना जिले के बिहटा में एसबीआई मेन ब्रांच में शनिवार देर शाम एसपी पैनल में अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद चारों तरफ धुंआ फैल गया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद काबू पाया। जानकारी के मुताबिक घटना के समय कर्मचारी बैंक में ही मौजूद थे। समय रहते पुलिस को सूचना दी गई, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। सभी सुरक्षित हैं। दमकल कर्मी अंशु कुमार ने बताया कि ब्लॉक रोड के पास बैंक में आग लगी थी। समय रहते काबू पा लिया गया। जांच में शॉर्ट सर्किट से एसी पैनल में आग लगने की बात सामने आई है। फायर ब्रिगेड टीम में रमेश कुमार, सुनील कुमार, अंशु कुमार और राहुल कुमार शामिल थे।

### स्टूडेंट्स के परफॉर्मेंस पर शिक्षण कार्य का मूल्यांकन, प्राइमरी-मिडिल स्कूल के टीचरों के लिए शिक्षा विभाग का आदेश




**पटना।** बिहार में स्टूडेंट्स के परफॉर्मेंस पर अब टीचरों के शिक्षण कार्य का मूल्यांकन होगा। इस संबंध में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ की ओर से सभी जिलों के डीईओ को लेटर जारी किया गया है। लेटर में स्पष्ट तौर पर लिखा गया है कि प्राइमरी और मिडिल स्कूल के शिक्षकों की शैक्षणिक मूल्यांकन सर्विस बुक में लिखी जाएगी। छात्र-छात्राओं के एग्जाम रिजल्ट पर टीचरों का मूल्यांकन होगा। 18 सितंबर 2024 से अर्धवार्षिक परीक्षाएं शुरू हो रही है। शिक्षा की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए हर स्कूल में ऑब्जरवेशन दूसरे स्कूल के टीचर करेंगे। शिक्षा विभाग ने जारी आदेश में कहा कि उत्तर पुस्तिका की जांच भी दूसरे स्कूल के टीचर ही करेंगे। प्राइमरी और मिडिल स्कूल में अर्द्धवार्षिक एग्जाम का महत्व होता है। सिलेबस समय पर पूर कर लें। जरूरत हो तो एडिशनल क्लासेज भी ले सकते हैं।

### श्रीकृष्ण साइंस सेंटर में नाटक के जरिए विज्ञान समझेंगे लोग, 21 सितंबर से स्टेट लेवल साइंस ड्रामा प्रतियोगिता



**पटना।** पटना के श्रीकृष्ण साइंस सेंटर में 21 सितंबर को स्टेट लेवल साइंस ड्रामा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें 9 प्रमंडल से टीम भाग लेगी। इस प्रतियोगिता में ड्रामा के माध्यम से साइंस से रूबरू कराया जाएगा। इस प्रतियोगिता में जो भी टीम जीतेगी। वह आगे जोनल स्तर पर शामिल होगी। जोनल स्तर पर चयनित टीम 27 और 28 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाले नेशनल लेवल की प्रतियोगिता में भाग लेगी। इस बार के साइंस ड्रामा का थीम साइंस एंड टेक्नोलॉजी फॉर द बेनिफिट ऑफ मैनकाइंड है। वहीं, इसके पांच सब थीम भी हैं, जिसमें ग्लोबल वाटर क्राइसिस, AI एंड सिक्योरिटी, मॉडर्न टेक्नोलॉजी फॉर डिजास्टर मैनेजमेंट, हेल्थ एंड हाइजीन, क्लाइमेट चेंज एंड इट्स इंपैक्ट है। इन पांचों सब-थीम में से किसी एक पर ही बच्चे परफॉर्म कर सकते हैं। इस प्रतियोगिता में क्लास 6 से 10 तक के बच्चे भाग ले सकते हैं। एक टीम में मैक्सिमम 8 पार्टिसिपेंट और 1 डायरेक्टर से ज्यादा नहीं होने चाहिए। यह ड्रामा हिंदी, अंग्रेजी और लोकल भाषा में हो सकती है। इसके अलावा साइंस सेंटर में 25 सितंबर को स्टेट लेवल संगोष्ठी का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें विज्ञान के पहलुओं पर चर्चा होगी। इसमें 18 टीम भाग लेगी।

### थाना से फरार गांजा तस्कर 24 घंटे बाद गिरफ्तार, मदनी कब्रिस्तान में छिपा हुआ था

**पटना।** पीरबहोर पुलिस की लापरवाही से शुक्रवार को गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार तस्कर हाजत से फरार हो गया था। थाने में तैनात पुलिसकर्मी देखते रह गई थी। इस मामले में डीएसपी ने थानेदार समेत सभी पुलिसकर्मियों को जमकर फटकार लगाई थी। कार्रवाई करने की भी हिदायत दी थी। पीरबहोर थानाध्यक्ष मो. हलीम ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी की जा रही थी। इस दौरान पीरबहोर पुलिस ने 24 घंटे बाद आलमगंज के मदनी कब्रिस्तान से गिरफ्तार किया। अब पुलिस की पूछताछ जारी है। दरअसल, मामला शुक्रवार का है। पटना सिविल कोर्ट परिसर के बाहर प्रत्येक दिन की तरह चेकिंग कर रही थी। इस दौरान गांजा तस्कर को जांच के दौरान ही आरोपी को 10 पुड़िया गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में खुलासा किया कि जेल से कोर्ट आए संजू नामक कैदी को गांजा देने जा रहा था। इस दौरान ही पुलिस ने दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने पीरबहोर थाने के हवाले कर दिया है। लेकिन, आरोपी पुलिस को चकमा देकर थाने से ही फरार हो गया। घटना के बाद से थाने में हडकंप मच गया था। इसके बाद से पुलिस ताबड़तोड़ छापेमारी करना शुरू कर दिया था। छापेमारी के दौरान ही आरोपी को आलमगंज इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया है।

# तेजस्वी बोले-बीजेपी आरक्षण देना ही नहीं चाहती

**♦ देश भर में जातीय जनगणना की मांग पर RJD का धरना, पार्टी बोली-लड़ाई जारी रहेगी**

एजेंसी, पटना।

आरक्षण और जातीय जनगणना की मांग को लेकर राजद नेता आज बिहार के 32 जिलों में धरना दे रहे हैं। पटना में पार्टी ऑफिस के बाहर धरने में तेजस्वी यादव पहुंचे। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष ने बीजेपी पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी आरक्षण देना ही नहीं चाहती हैं। इनको गरीबों से कोई लेना-देना नहीं है। बीजेपी पर हमला जारी रखते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि ये नहीं चाहते है कि रिक्शा चलाने, नाला साफ करने वालों को आरक्षण मिले। बीजेपी के लोग चाहते हैं जो लोग नीचे हैं, वह जिंदगी भर नीचे ही रहे और उनका विकास नहीं हो। चंद लोगों को ही मलाई खाने का अधिकार है। अशोक चौधरी का नाम लिए बगैर तेजस्वी यादव ने कहा कि आज भी लोग जाति को लेकर गाली दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि चाहे जिस जाति में गरीबी हो, उसे मिटाने का प्रयास होना चाहिए। तेजस्वी ने कहा कि नीतीश कुमार अगर केंद्र को अपना समर्थन नहीं दे तो मोदी सरकार गिर जाएगी। इसके बावजूद नीतीश कुमार चुप क्यों है। नीतीश कुमार सिर्फ चुप रहने के लिए बने है या काम भी करेंगे? नेता प्रतिपक्ष ने यह भी कहा कि हम लोगों को बहुत गालियां दी जाती है। जितनी ज्यादा गालियां दी जा रही है, हम लोग उतने ज्यादा मजबूत हो रहे हैं। धरने के दौरान पूर्व शिक्षा मंत्री प्रोफेसर चंद्रशेखर ने कहा कि 17 महीने की सरकार में तेजस्वी यादव ने शिक्षकों को नियोजन से मुक्ति दिलाई और स्थाई बहाली करवाई। वहीं, आरजेडी महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रितु जायसवाल ने कहा कि आरक्षण पर खतरा है। जब तक 65 फीसदी आरक्षण नहीं मिलता लड़ाई जारी रहेगी। इधर, डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने लखीसराय में कहा है कि 'राजद के लोग जातीय जनगणना के नाम पर राजनीति कर रहे हैं, घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। जब सत्ता में थे, तब सिर्फ अपने परिवार के बारे में सोचे। आज जब बाहर हैं तो राजनीति कर रहे हैं।' जदयू में शामिल होने के बाद श्याम रजक ने आरजेडी के धरने पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि 'मैं जानना चाहता हूं, ये धरना किसके खिलाफ है। कार्यालय के अंदर एसी में बैठकर ऐसे ही संघर्ष



होता है क्या। जनता रहती है रोड पर। जनता के साथ मिलिए। जनता आपको दरकिनार कर चुकी है। आगे और भी करेगी।'

**फिर से लड़ी जा रही आरक्षण की लड़ाई:** राजद के राज्यसभा सांसद संजय यादव ने कहा कि 'जो लोग लालू प्रसाद को मंडल आंदोलन के समय साथ दिए थे। वे सभी आज आरक्षण का समर्थन कर रहे हैं।' वहीं, पूर्व मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव ने कहा कि 'हम लंबी लड़ाई लड़ रहे हैं। लोहिया कहते थे डिमांड की गुलामी बर्दाश्त नही करना। लालू की धारा को तेजस्वी बढ़ा रहे हैं। फिर से आरक्षण की लड़ाई लड़ी जा रही है।' राजद के सीनियर नेता भोला यादव ने कहा कि तेजस्वी यादव की वजह से मुख्यमंत्री को जातीय गणना करनी पड़ी। लालू प्रसाद के समय विरोध होता था। अब स्थिति बदली है। हम 65 फीसदी आरक्षण लेकर रहेंगे। पूर्व एमएलसी सुनील सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुखिया ने कोर्ट में मजबूती से पक्ष नहीं रखा।

**जातीय जनगणना की मांग को लेकर पीएम से मिले तेजस्वी:** प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 'तेजस्वी यादव और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ पीएम से मिले थे। राष्ट्रीय स्तर पर जातीय जनगणना की मांग की थी। लेकिन, केंद्र सरकार राजी नहीं हुई थी।' तेजस्वी यादव को 17 महीने सरकार में रहने का मौका मिला था। उनकी पहल पर ही बिहार में जातीय सर्वे कराई गई। उसके आधार पर बिहार में दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों के लिए आरक्षण का दायरा बढ़ा कर 65 प्रतिशत किया गया। सामान्य वर्ग के गरीबों के लिए अलग से 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई। भाजपा के इशारे पर आरक्षण की इस व्यवस्था को न्यायालय में चुनौती दी गई।

**राज्य सरकार की वजह से कोर्ट ने रोक लगाया:** जगदानंद सिंह ने यह भी कहा कि 'राज्य सरकार के नकारात्मक रवैए और न्यायालय में सही तरीके से बातों को नहीं रखने के कारण कोर्ट ने इस पर रोक लगा दिया है। यदि इसे संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल कर लिया जाता है तो न्यायिक प्रक्रिया पर खुद से रोक लग जाएगी।' उन्होंने कहा कि आरक्षण और जातीय जनगणना की मांग को लेकर सभी जिला मुख्यालयों पर धरना देंगे। आरक्षण जब तक नहीं मिलेगा, लालू प्रसाद के निर्देश और तेजस्वी यादव के नेतृत्व में राजद सड़क से लेकर सदन तक अभियान को जारी रखेगी।

**जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन:** पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह पटना में पार्टी के प्रदेश कार्यालय के बाहर धरना में शामिल होंगे। वहीं, पार्टी के अन्य नेता अपने-अपने जिला मुख्यालयों में धरना-प्रदर्शन करेंगे। धरना के दौरान सभी जिलों के डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन दिया जाएगा। इसके जरिए राष्ट्रीय स्तर पर जातीय जनगणना कराने और बिहार में महागठबंधन सरकार द्वारा बढ़ाए गए आरक्षण की सीमा को नौवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की जाएगी।

## पत्नी-साली को मारी गोली फिर सुसाइड, दंपती की मौत

एजेंसी, पटना।

पटना के बाढ़ में एक शख्स ने अपनी पत्नी और साली को गोली मार दी। फिर खुद को भी गोली मारकर सुसाइड कर लिया। वारदात में गर्भवती पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साली की हालत गंभीर है। स्थानीय सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घरेलू विवाद में गोली चलाने की बात सामने आ रही है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। घटना पंडारक के बिहार बीघा की है। आरोपी दीपक कुमार (28) बिहार शरीफ का रहने वाला था। वो अपने ससुराल में ही रहता था।

आज सुबह पति-पत्नी में लड़ाई हुई। गुस्से में आकर उसने पत्नी लक्ष्मी देवी (24) पर फायरिंग कर दी। गोली की आवाज सुनते ही बड़ी बहन गुड़िया कुमारी (30) बचाने आई, लेकिन दीपक ने उसे भी गोली मार दी। फिर खुद को गोली मार ली।



**पटना में पति के साथ नहीं जाना चाहती थी महिला, 2 महीने से ससुराल में था आरोपी**

लक्ष्मी देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गुड़िया की हालत गंभीर है। गुड़िया देवी भी प्रेग्नेंट है। वारदात के बाद आरोपी ने खुद को गोली मार ली। जिससे उसकी मौत हो गई। बाढ़ SDPO अपराजिता लोहान ने बताया कि घरेलू विवाद में वारदात को अंजाम दिया गया है। दीपक करीब 2 महीने से अपने ससुराल में ही रह रहा था।

## चाचा की हत्या, सदमे में भतीजे की भी मौत, पटना में बकरी चोरी का विरोध करने पर फायरिंग

**♦ दरवाजा तोड़कर घर में घुसे थे चोर**

एजेंसी, पटना।

पटना के फतुआ में शनिवार की देर रात बकरी चोरी का विरोध करने पर चोर ने एक शख्स को गोली मार दी। आनन-फानन में परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। चाचा की मौत की खबर सुनते ही हार्ट अटैक से भतीजे की भी मौत हो गई। घटना के शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के एरई मुशहरी गांव की है। मृतक की पहचान चाचा उपेंद्र मांझी (35) और भतीजा राजीव मांझी (22) के रूप में हुई है। परिजनों का कहना है कि देर रात दरवाजा तोड़कर चोर घर में घुसे थे। तीन चोरों ने बंदूक दिखाकर उपेंद्र से बकरी देने को कहा। डर से उपेंद्र ने बकरी दे दी। भागने के दौरान गांव वालों ने तीनों चोर को घेर लिया, जिसके बाद चोर ने फायरिंग कर दी। जिसमें उपेंद्र घायल हो गए। फिलहाल पुलिस



मामले की छानबीन में जुट गई है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए आस-पास के गांव में छापेमारी की जा रही है।

**दरवाजा तोड़कर घर में घुसे थे चोर:** उपेंद्र मांझी की भाभी पूनम देवी ने बताया, हमलोग घर में सो रहे थे। देर रात नींद खुली तो देखा कि घर के बाहर 3 चोर खड़े है। डर कर हम लोग अंदर चले गए। फिर दरवाजा तोड़कर तीनों चोर अंदर घुस गए। पति के कनपटी पर हथियार रखकर बकरी देने को कहा। मेरे पति ने रस्सी खोलकर बकरी दे दी। बकरी के साथ-साथ कुछ दूर तक मेरे पति को भी अपराधी अपने साथ लेकर गए। इस बीच शोरगुल सुनकर गांव वाले भी जाग गए। गांव के बाहर ग्रामीणों ने चोरों को घेर लिया। विरोध करने पर गोली चला दी।' पूनम ने बताया, 'मेरे देवर उपेंद्र मांझी को एक गोली पैर में लगी। आनन-फानन में दनियावां अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने PMCH रेफर कर दिया। जहां उनकी मौत हो गई। मौत की खबर भतीजा सहन नहीं कर पाया। हार्ट अटैक से उसकी भी मौत हो गई।'

**गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है:** वहीं, फतुहा SDPO पंकज कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। इलाज के दौरान अस्पताल में घायल उपेंद्र मांझी की मौत हो गई है। हार्ट अटैक से भतीजे की भी जान चली गई। आसपास के इलाकों में छापेमारी की जा रही है। जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## श्याम रजक बोले- राजद का समाजवाद अब भ्रष्टाचार

**वहां घुटन हो रही थी, JDU में शामिल होते ही नीतीश की तारीफ, तेजस्वी को सलाह**

एजेंसी, पटना।

आरजेडी के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक आज जेडीयू में शामिल हो गए। पार्टी ऑफिस में आयोजित मिलन समारोह में जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने उन्हें सदस्यता दिलाई। इस दौरान श्याम रजक ने कहा कि आरजेडी में मुझे घुटन महसूस हो रही थी। नीतीश कुमार की तारीफ करते हुए कहा कि वो सर्वमान्य नेता हैं। उनके साथ काम करना हमारे लिए सौभाग्य की बात होगी। साथ ही कहा कि तेजस्वी यादव को सड़क पर निकलकर पसीना बहाना चाहिए, नीतीश कुमार में मेरी पूरी आस्था है इसलिए जेडीयू में वापसी कर रहा। इस मौके पर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, मंत्री विजय चौधरी, विजेंद्र यादव, सुनील कुमार, रत्नेश सदा समेत पार्टी के बड़े नेता मौजूद रहें। मौके पर संजय झा ने कहा कि श्याम रजक के आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। उनके अनुभव का फायदा जदयू को होगा।

**22 अगस्त को राजद से दिया था इस्तीफा:** श्याम रजक ने धोखा देने का आरोप लगाते हुए 22 अगस्त को आरजेडी से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने पत्र के जरिए राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को इस्तीफा सौंपा था। पत्र में लिखा,



'मैं शतरंज का शौकीन नहीं था, इसलिए धोखा खा गया। आप मोहरे चल रहे थे, मैं रिश्तेदारी निभा रहा था।'

**राजद में पद के लिए राजनीति- श्याम रजक:** श्याम रजक ने कहा कि नीतीश कुमार की योजना ने बिहार की तस्वीर को बदलने का काम किया है। जिस पार्टी में था वहां समाजवाद भ्रष्टाचार में बदल गया। लेकिन नीतीश कुमार हमेशा समाजवाद की लड़ाई लड़ते रहे। मेरा सौभाग्य हैं कि नीतीश कुमार के साथ मुझे काम करने का मौका मिलेगा। मैं उस पार्टी में पूरी कोशिश करता रहा कि सब ठीक हो जाए लेकिन वहां राजनीति सिर्फ़ पद के लिए होती है। याम रजक ने कहा- 'आरजेडी के लोग मुझ पर आरोप लगाते है कि मैं सत्ता के लिए जदयू में आया। उनको पता होना चाहिए कि सत्ता में रहते हुए मैंने जेडीयू छोड़ी थी। उस वक्त कुछ ऐसी परिस्थिति थी, जिसकी वजह से मैं जदयू को छोड़ा था। आज मैं फिर से अपने घर में आ गया हूं। मुझे जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, पूरी ईमानदारी से काम करूंगा।'

**फुलवारी सीट से चुनाव लड़ना चाहते हैं श्याम रजक:** RJD ने मनोझ झा को दोबारा राज्यसभा भेज दिया। श्याम रजक की जाति, धोबी समाज से मुन्नी रजक को विधान परिषद भेज दिया गया। इसके बाद से ही नाराज चल रहे थे। चर्चा है कि श्याम रजक फुलवारी सीट से चुनाव लड़ना चाहते हैं। जदयू चाहे तो वह अरुण मांझी की जगह उन्हें मौका दे सकती है।

**राबड़ी देवी शासनकाल में थे ऊर्जा मंत्री:** राबड़ी देवी शासनकाल में श्याम रजक ऊर्जा मंत्री थे। 2009 में पार्टी ने जमुई सुरक्षित लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया था। जेडीयू के भूदेव चौधरी से चुनाव हार गए थे। हारने के बाद पार्टी के नेताओं पर भीतरघात का आरोप लगाकर आरजेडी छोड़कर जेडीयू में चले गए थे। फिर नीतीश कुमार से नाराज होकर आरजेडी में आ गए थे। पिछले कुछ महीनों में कई बड़े नेताओं ने आरजेडी का साथ छोड़ा है। लोकसभा चुनाव के समय पहले अशफाक करीम ने आरजेडी छोड़ जेडीयू में शामिल हो गए थे।

## अपार्टमेंट की छठी मंजिल से गिरने से महिला की मौत

एजेंसी, पटना।

पटना में अपार्टमेंट की छठी मंजिल से गिरने से एक महिला की संदिग्ध मौत हो गई। एक साल पहले ही शादी हुई थी। गार्ड की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना गोपालपुर थाने क्षेत्र के छत्रपति शिवाजी ग्रीन अपार्टमेंट की है।

**पति-पत्नी के बीच होता था विवाद:** मृतका की पहचान पहाड़ी निवासी विकास कुमार की पत्नी ज्योति कुमारी के तौर पर हुई है। विकास पिछले 10 साल से यहीं रह रहा था। स्थानीय लोगों के मुताबिक पति-पत्नी के बीच आए दिन छोटी-छोटी बात को लेकर विवाद होता था। विकास ओला ऑटो चलाने का काम करता था।

**छठी मंजिल से गिरती तो शव क्षत-विक्षत हालत में होता:** वहीं, गार्ड का कहना है कि सुबह के समय 5 बजे के करीब मैं यहीं बैठा



था। उस समय कुछ भी पता नहीं चला। कुछ देर बाद मैं टॉयलेट चला गया। वहां से लौटने के बाद देखा कि अपार्टमेंट के नीचे एक महिला का शव पड़ा हुआ है। जिसके बाद मैंने पुलिस की इसकी सूचना दी। अगर छठी मंजिल से छलांग लगाती तो शव क्षत-विक्षत हालत में होता, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।

**हत्या या आत्महत्या, दोनों एंगल से जांच:** थाना प्रभारी जावेद अहमद खान का कहना है कि छानबीन चल रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा हो पाएगा। हत्या या आत्महत्या दोनों एंगल से जांच की जा रही है।

## हेलमेट नहीं पहनने पर कार चालक का चालान

एजेंसी, पटना।

पटना में ट्रैफिक पुलिस ने हेलमेट नहीं पहनने पर कार मालिक का चालान काट दिया। 1000 रुपए का जुर्माना लगाया है। मोबाइल पर मैसेज आने के बाद पीड़ित हैरान है। उन्होंने अधिकारियों से ऑनलाइन शिकायत की है, लेकिन अभी तक इसे सुधारा नहीं गया है। बाइपास थाना क्षेत्र के बेगमपुर निवासी गौरव कुमार ने बताया कि 31 अगस्त को मोबाइल पर एक मैसेज आया। जिसे ट्रैफिक पुलिस की ओर से भेजा गया था। जब ओपन करके देखा तो होश उड़ गए। हेलमेट नहीं पहनने पर कार का चालान काट दिया है। एक सप्ताह से कार को गैराज से बाहर ही नहीं निकाला हूं।

**चालान पर महिला और**



**पुरूष की फोटो:** उन्होंने आगे कहा कि चालान पर बाइक सवार महिला और पुरूष की फोटो है। जबकि नंबर मेरे कार का है। फोटो में साफ दिख रहा है कि बाइक के पीछे बैठी महिला ने हेलमेट नहीं पहन रखा है। उसकी गाड़ी का नंबर BR01EV/259 8 है। जो एम्स गोलंबर के पास 30 अगस्त की बताई जा रही है। जबकि कार का नंबर BR01FV/259 8 है। विभाग को EV और FV में अंतर ही समझ में नहीं आया।

## केसी त्यागी का JDU प्रवक्ता पद से इस्तीफा

**♦ इजराइल को मदद और अग्निवीर पर सवाल उठाए थे, इससे भाजपा नाराज थी, राजीव रंजन को जिम्मेदारी**

एजेंसी, पटना।

जेडीयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने निजी कारणों का हवाला देकर पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद से इस्तीफा दे दिया है। उनकी जगह पार्टी ने राजीव रंजन को राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया है। पार्टी के महासचिव आफाक अहमद खान ने लेटर जारी कर इसकी जानकारी दी है। लेटर में लिखा है, 'जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने राजीव रंजन प्रसाद को राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया गया है। केसी त्यागी ने निजी कारणों से इस्तीफा दे दिया है।' पार्टी भले ही इसे निजी कारण से दिया गया इस्तीफा बता रही है, लेकिन राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि जेडीयू के एक लंबे समय से प्रमुख चेहरा रहे केसी त्यागी के हालियां बयानों के कारण उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। यह भी चर्चा है कि अग्निवीर



समेत विभिन्न योजनाओं और मुद्दों पर उन्होंने सवाल उठाए थे, जो पार्टी की आधिकारिक लाइन से अलग थे। उन्होंने कई मौकों पर पार्टी नेतृत्व और वरिष्ठ नेताओं से परामर्श किए बिना बयान जारी किए। इस कारण पार्टी और उसके घटक दल भाजपा में नाराजगी है। अपने निजी व्यस्तता के कारण मैं पार्टी के प्रवक्ता के पद के साथ न्याय नहीं कर पा रहा हूं। लिहाजा आज मुझे इस जिम्मेदारी से मुक्त करने का कष्ट करें। हालांकि, मैं समय-समय पर बिहार सरकार की उपलब्धियों के लिए प्रचार-प्रसार के लिए हमेशा उपलब्ध रहूंगा। -केसी त्यागी, जेडीयू नेता

**विपक्षी नेताओं के साथ दिखे थे केसी त्यागी:** सूत्रों की मानें तो विपक्षी नेताओं के साथ मीटिंग, अग्निवीर योजना समेत कई मुद्दों पर विरोध करना केसी त्यागी को भारी पड़ा है। उनके बयानों के कारण सिर्फ जेडीयू ही नहीं, बल्कि एनडीए के भीतर भी मतभेद की खबरें सामने आईं। खासकर विदेश नीति के मुद्दे पर नाराजगी बढ़ी। दरअसल, 25 अगस्त को दिल्ली में फिलिस्तीन नेता मोहम्मद मकरम बलावी से विपक्षी सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की थी। उस समय विपक्षी सांसदों के साथ केसी त्यागी भी दिखे थे। उन्होंने इजराइल को हथियार की आपूर्ति पर केंद्र सरकार पर भी हमला बोला था। विपक्षी नेताओं के साझा बयान पर हस्ताक्षर पर किया था। ऐसी चर्चा है कि बयानबाजी के चलते पार्टी और एनडीए के नेता नाराज थे। लोकसभा चुनाव का रिजल्ट 4 जून को आया था। 9 जून को सरकार गठन से 3 दिन पहले केसी त्यागी ने अग्निवीर योजना का भी विरोध किया था। 6 जून 2024 को उन्होंने कहा था इस पर दोबारा विचार करने की जरूरत है। इस योजना से कई लोगों में नाराजगी है। इसका असर लोकसभा चुनाव में देखने का मिला। इसलिए इस पर नए तरीके से विचार करना चाहिए।

# वाहिनी मुख्यालय में मनाया गया 15वां स्थापना दिवस

चाणक्यभूमि जयनगर

48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर में आज दिन रविवार को "15वां स्थापना दिवस" मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम वाहिनी के प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसमें वाहिनी के समस्त अधिकारी व जवान और उनके परिवारजन उपस्थित रहें। इस समारोह की शुरुआत में मुख्य अतिथि संदीक्षा अध्यक्षा द्वारा दीप प्रज्वलित से हुई, जिसके बाद महोदया ने जवानों द्वारा लगाई गईं सभी स्टालों का उद्घाटन किया, जिसमें बल के कमांडेंट गोविन्द सिंह भंडारी, उप कमांडेंट विवेक ओझा, उप कमांडेंट संतोष कुमार निमोरियां तथा सहायक कमांडेंट मोहोद मनीष देवानंद और डी.सी.एल. आर जयनगर, बी.डी.ओ जयनगर और बशुप्ति साथ- साथ नेपाल रेलवे के अधिकारी सरवन लाल मीणा और राजेश संबल उपस्थित थे। वाहिनी के जवानों द्वारा



भिन्न- भिन्न प्रकार के लजीज खाने तथा मनोरंजन के स्टॉल लगाए गए, जवानों ने अपने अनुशासन, साहस और कर्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर वाहिनी के कमांडेंट गोविन्द सिंह भंडारी ने अपने उद्बोधन में सशस्त्र सीमा बल के उद्देश्यों और उनके द्वारा निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वाहिनी के जवानों के समर्पण और कड़ी मेहनत की हम सराहना करते है और जिन्होंने सीमाओं की सुरक्षा में अपनी अहम भूमिका निभाते है। इस कार्यक्रम के दौरान कई खेल प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और जवानों द्वारा आत्मरक्षा के कौशल का प्रदर्शन भी किया गया। इसके साथ ही, वीरता और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए कई जवानों को पुरस्कृत भी किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संदीक्षा अध्यक्षा ने वाहिनी की उपलब्धियों की सराहना की और भविष्य में और भी अधिक तत्परता से देश की सेवा करने के लिए प्रेरित भी किया, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सशस्त्र सीमा बल ने सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ- साथ वहां के निवासियों के बीच विश्वास और सहयोग का माहौल भी बनाया है। आगे, कार्यक्रम का समापन के दौरान राष्ट्रगान के साथ किया गया, जिसके बाद जवानों और उनके परिवारों के लिए सामूहिक भोज का आयोजन भी किया गया। आगे हम बताते हैं कि सशस्त्र सीमा बल क्या है, यह की "सशस्त्र सीमा बल" भारत की सीमा सुरक्षा बलों में से एक है, जिसका सिर्फ मुख्य एक ही उद्देश्य है कि भारत की सीमाओं की सुरक्षा करना और शांति व्यवस्था बनाए रखना है तथा एसएसबी का गठन वर्ष 1963 ई. में हुआ था और यह संगठन अपने साहस और कर्तव्यनिष्ठा और देशभक्ति के लिए जाना जाता है।

# मासिक पूजा में चित्रांशों को एकजुटता का आहवान



चाणक्यभूमि मझौलिया

डबरिया पंचायत स्थित चित्रगुप्त मंदिर प्रांगण में चित्रांशों ने रविवार को मासिक पुजा अर्चना की। यजमान के रूप में कायस्थ वाहिनी बिहार प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत सिन्हा शामिल हुए। इस अवसर पर जिले और प्रदेश के चित्रांशों की भागीदारी रही। पूर्व मुखिया कमलेश श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव, योगेश श्रीवास्तव, लल्लू श्रीवास्तव, प्रभु श्रीवास्तव विजय श्रीवास्तव ,आदित्य विक्रम श्रीवास्तव आदि प्रमुख थे। बिहार प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत सिन्हा ने बताया कि डबरिया चित्रगुप्त मंदिर का निर्माण भगवान चित्रगुप्त को न्याय के हिन्दू देवता के रुप में किया जा रहा है । जिसका विधिवत कार्य संपादित करने के लिए स्थानीय स्तर पर एक कमिटी कायस्थ परिवार नौतन के रूप में बनायी गयी है ।जो मंदिर निर्माण कार्य और मासिक पूजा का नियमित संचालन करेगी । सर्व समाज में अगर कोई भी तर्पण करता है तो उसे देव तर्पण के तौर पर भगवान चित्रगुप्त को तर्पण करना ही होता है तो फिर भगवान चित्रगुप्त जी की पूजा में भेदभाव क्यूं ! समाज के इसी मिथ्या को दूर करने एवं सर्वसमाज में भगवान चित्रगुप्त को स्थापित करने के उद्देश्य से डबरिया चित्रगुप्त मंदिर की स्थापना की जा रही है। आने वाले समय में इस मंदिर को एक उदाहरण के रुप में देखा जाएगा। उक्त जानकारी कायस्थ वाहिनी बिहार प्रदेश सचिव रंजीत श्रीवास्तव ने दी।

# मुखिया पति है ठेकेदार और भाइयों के खाते में हो रहा भुगतान

## सैंया भये कोतवाल तो डर कहे का कहावत को चरितार्थ कर रहा है भसुरारी पंचायत

चाणक्य भूमि

मामला प्रखंड की भसुरारी पंचायत से जुड़ा हुआ है। पंचायत के उपमुखिया कुमार सिद्धार्थ ने मुखिया के उपर यह आरोप लगाते हुए बीडीओ, एसडीएम सहित तमाम अधिकारियों को आवेदन दिया है। आवेदन में उप मुखिया ने बताया है कि पंचायत में कराये जा रहे विकास कार्यों में भारी अनियमितता बरती जा रही है। पंद्रहवीं वित्त एवं षष्ठम वित्त योजना के तहत कराये गये विकास कार्यों का भुगतान पंचायत अध्यक्ष के सगे संबंधियों केखाते में लगातार किया जा रहा है। जो सरकारी नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने साक्ष्य के तौर पर ई पेमेंट ऑर्डर की कुछ प्रतियां आवेदन के साथ संलग्न करते हुए बताया है कि पंचायत में मुखिया पति ठेकेदार है और भुगतान देवरों के खाते में हो रहा है। हालांकि उप मुखिया ने ई पेमेंट ऑर्डर की जो प्रतोलियां साक्ष्य के तौर पर संलग्न किया है वह कहां तक सही है, यह जांच के बाद ही पता चलेगा। बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने कहा कि मामले की जांच करायी जाएगी। इसमें जो लोग गलत होंगे उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

# एतिहासिक कंस वध मेला का हुआ आयोजन

## कंस वध मेला मे हाथी पर सवार दो ब्राह्मण कुमार ने कंस का किया वध

चाणक्य भूमि योगापट्टी

योगपार्टी प्रखंड क्षेत्र के मच्छरगांवा में ऐतिहासिक कंस वध मेला का आयोजन हुआ वही आपको बता दे कि यहां पर वर्षों से कंस वध मेला का आयोजन होते आ रहा है। वहीं हाथी पर सवार होकर लौरिया विधानसभा के विधायक बिनय बिहारी पहुंचे जहां हाथी पर सवार श्री कृष्ण के बाल स्वरूप के द्वारा बने कंस के प्रतिमा में तीर धनुष के माध्यम से आग लगाया गया तत्पश्चात मेला का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पश्चात कंस वध मेले का आयोजन प्रत्येक वर्ष मच्छरगांवा में किया जाता है कंस वध मेला में कई जगह से लोग देखने के लिए आते हैं मेला को लेकर काफी भीड़ रही इस मेल में खेल तमाशा झूला समेत मनोरंजन के लिए अन्य व्यवस्थाएं भी मेला कमेटी के द्वारा किया गया था। वही लौरिया विधानसभा विधायक विनय बिहारी पंकज सिंह Rss दीपक सिंह ने बताया कि मच्छरगांवा में कंस वध मेले का आयोजन





वर्षों से होते आ रहा हैं। इस पारंपरिक मेले में हो रहे कंस के वध के दृश्य को देखने के लिए यूपी नेपाल सहित दुर दराज से हजारों की संख्या में लोग उपस्थित होते है। यहां नरसिंह नारायण स्टेडियम में कंस का विशालकाय प्रतिमा रखी जाती है। दो ब्राह्मण कुमार हाथी पर सवार होकर कृष्ण बलराम का रूप धारण कर कंस का परिक्रमा करने के बाद उसके ऊपर तीर से प्रहार करते हुए कंस का वध करते है फिर हाथी कंस के प्रतिमा को घसीट कर इस छोर से उस छोर तक ले गए। स्थानीय कलाकार अपने कला का प्रदर्शन मंच के माध्यम से लोगों को दिखाते रहे । इतना ही नहीं मेला के दौरान मच्छरगांवा पूर्व टोला गांव में दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसके स्वागतकर्ता स्थानीय विधायक विनय बिहारी है।

# मझौलिया में जनसेवा अस्पताल का शुभारंभ

**चाणक्यभूमि मझौलिया**।रविवार को देवान टोली में जन सेवा अस्पताल का उदघाटन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी हाफिजुर रहमान और निदेशक असगर खान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।बीईओ ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक उपकरणों से युक्त अस्पताल का होना गरीबों के लिए काफी फायदेमंद होगा। शिक्षा और स्वास्थ्य हमारी मूलभूत आवश्यकता है ।इनका विकास होना मानव के लिए काफी लाभदायक साबित होता है। जन सेवा अस्पताल के निदेशक असगर खान ने कहा सेवा भाव से जरूरत मंदो की ईलाज करना पहली प्राथमिकता होगी।उंन्होने कहा कि मरीजों का इलाज एक माह तक मुफ्त में होगा। पैथोलोजिकल जांच भी मुफ्त में होगा।आवश्यकता अनुसार दवाइयां भी दी जायेगी।उन्होंने बताया कि इस अस्पताल में डॉक्टर मोहम्मद अजहरूद्दीन, डॉक्टर प्रिया कुमारी, डॉक्टर शहजाद आलम, डॉक्टर शाबरीन प्रवीण, डॉक्टर इरफान अहमद, डॉक्टर मिनहाज कलीम खान आदि विभिन्न प्रकार के मरीजों का इलाज करेंगे। अस्पताल में 24 घंटे मरीजों की सेवा के लिए डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे।आधुनिक चिकित्सा पद्धति से सुसज्जित जन सेवा अस्पताल के संचालित होने से लोगों में हर्ष है।

# लौरिया में मामूली विवाद में मारपीट में हुई एक कि मौत

**चाणक्य भूमि**। लौरिया के परसा धागड़ टोली में बच्चों के खेल खेल में हुये विवाद में मामला इतना बढ़ गया कि परिजनों द्वारा हरवे हथियार से लेश होकर हमला बोल दिया। जिसमे विनोद धांगड़ बुरी तरह ज़ख्मी हो गया जिसे ईलाज के लिए लौरिया रेफरल अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी खराब स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेतिया रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान रविवार दोपहर को उसकी मौत हो गई।

# अवैध खनन कर बालू ले जा रहे ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

**चाणक्य भूमि**। अवैध खनन पर रोक के बावजूद खनन माफियाओं द्वारा खनन का खेल वाल्मीकिनगर क्षेत्र में लगातार जारी है। जिस पर पुलिस प्रशासन द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में वाल्मीकिनगर पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के टंकी बाजार के समीप से अवैध रूप से बालू का खनन कर परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर ट्राली को शुक्रवार की रात जब्त करने में कामयाबी हासिल हुई है। जबकि पुलिस की भनक पाते ही ट्रैक्टर चालक मौके से फरार होने में कामयाब रहा। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से परिवहन करते बालू लदे महिंद्रा 275 डीआई ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया गया है। जिस पर खनन अधिकारी चौधरी सूर्यमणि भाई पटेल निरीक्षक बेतिया के आवेदन पर कांड संख्या 83/ 24 दर्ज करते हुए अग्रेतर कार्यवाही की जा रही है। वहीं पुलिस ट्रैक्टर मालिक के बारे में भी पता करने की कवायद शुरू कर दी है।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर मझौलिया में दंगल प्रतियोगिता का आयोजन

## मंत्री रेणु देवी ने फीता काट किया उदघाटन

चाणकयभूमि मझौलिया।

जन्माष्टमी के अवसर पर जवकटिया मलाही टोलास्थित राम जानकी मंदिर परिसर में रविवार को आयोजित कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में गोरखपुर की महिला पहलवान रमिता यादव ने दिल्ली के काजल पहलवान को पटकनी देकर खूब तालियां बटोरी।रोमांचक रहा महिला पहलवानो का दंगल।इसमें 20 जोड़ी पहलवानो ने अपना दम खम दिखाया।इसमें उत्तरप्रदेश के अयोध्या, बनारस, नेपाल, झारखंड और बिहार के पहलवान शामिल रहे।बताते चले कि इस दंगल का लोगों में बड़ी इंतजार रहता है।दंगल



को लेकर सुबह से ही मंदिर परिसर में मेला का नजारा रहा।शांति व्यवस्था के लिये मझौलिया पुलिस सक्रिय रही।दंगल को सफल बनाने में आयोजक मण्डली के अर्जुन सहनी, धर्मराज सहनी,परशुराम सहनी,तूफान सहनी आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।इसके पूर्व सूबे के पशुपालन सह मत्स्य मंत्री रेणु देवी व बाबा सुमंत पहलवान ने दंगल प्रतियोगिता का विधिवत उदघाटन किया और पहलवानो को प्रोत्साहित किया।

# नौतन में कंस वध मेला का हुआ आयोजन

## मेले में बड़ी संख्या में दर्शकों के अलावा जनप्रतिनिधि व प्रशासन रहा मौजूद

चाणक्य भूमि

हर वर्ष की भांति मडुआहां हाई स्कूल के प्रांगण में कंश वध मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया राजहरन कुमार के नेतृत्व में हाथी घोडे और बैंड बाजे के साथ झांकी निकाली गई। जो क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए देर शाम को पहुंचीं जहां कंश की प्रतिमा का वध किया गया। लोगों की मान्यता है कि इस दिन कृष्ण ने अपने अत्याचारी मामा कंस का वध किया था। इसी परंपरा का पालन करते हुए रविवार को मडुआहां हाई स्कूल के प्रांगण में कंश की प्रतिमा बनाकर हाथी से वध किया जाता हैं। वहाँ उपस्थित जनसमुदाय ने मेला का भरपूर आनंद उठाया। उधर शान्ति



व्यवस्था हेतु स्थानीय प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद था और सुरक्षा के लिये चाक चौबंद इंतजाम किया गया था ।


# गुटखा लुट कांड के अभियुक्त को लौरिया पुलिस ने दिल्ली से पकड़ा



चाणक्य भुमि योगापट्टी

इस संबंध में थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने बताया की लौरिया पुलिस की तीन सदस्यीय टीम ट्क लुट कांड में संलिप्त अपराधीको की गिरफ्तारी हेतु दिल्ली गई थी जहां दो अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है। दोनों को जेल भेजने की तैयारी की जा रही है जिसमें नरकटियागंज थाने के शिवगंज मोहल्ले के वार्ड छौ निवासी शेख असलम के पुत्र गुडडु शेख एवं नौतनवा गांव के नवील अहमद के पुत्र नावेद राजा के रूप में हुई है। दोनों के आपराधिक इतिहास खंगालें जा रहे हैं। वहीं बता दें की लौरिया थाना क्षेत्र से गुटखा लदे ट्रक की लुट हुई थी। जिसमें पहले 42 बोरा गुटखा बरामद किया गया था और अन्य आरोपी की गिरफ्तारी हुई थी। थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने बताया की अन्य फरार आरोपीयों की गिरफ्तारी हेतु सघन छापेमारी की जा रही है।

# नाबालिग अपहृता बरामद और आरोपी भी गिरफ्तार



चाणक्य भुमि योगापट्टी

नाबालिक अपहरण के मामले मे एक साल से लौरिया पुलिस को जिसकी तलाश थी पुलिस ने अपने ही थानाक्षेत्र से उसे बरामद कर आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया । इस संबंध में थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने बताया की अपहृता को योगापट्टी थाने के निमुइया गांव से लौरिया पुलिस ने बरामद किया गया है। इस संबंध में आरोपी रविरंजन की गिरफ्तारी हुई है। अपहृता को मेडिकल एवं 164 के बयान हेतु बेतिया भेजा गया है तथा रविरंजन को जेल भेजा गया है।

# उप स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर हेल्थ कैंप और पोषण मेला का होगा आयोजन

## आकांशी प्रखंड के तहत हुई समीक्षा बैठक

चाणक्यभूमि

जिले के लालगंज प्रखंड में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान के प्रगति की समीक्षा बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में रेफरल अस्पताल लालगंज में की गई। इस बैठक में नीति आयोग द्वारा निर्धारित किए गए 6 संकेतकों के ऊपर किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने बताया कि जिला प्रयोगशाला में जांच हेतु भेजे गए मृदा नमूना का जांच रिपोर्ट प्राप्त हो गया है जिसे आगामी सप्ताह में सभी किसानों को प्रशिक्षण के उपरांत दे दिया जायेगा। सितंबर माह में लक्ष्य के प्राप्ति हेतु स्वास्थ्य विभाग और बाल विकास परियोजना



के द्वारा संयुक्त रूप से सभी उप स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर हेल्थ कैंप और पोषण मेला का आयोजन किए जाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए माइक्रोप्लान बनाकर कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस काम में पिरामल फाउंडेशन की टीम सक्रिय रूप से सहयोग करेगी इस हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा आग्रह किया गया। स्वास्थ्य विभाग के इंडिकेटर में अपेक्षित वृद्धि नहीं होने पर इसके कारण के रूप में एएनएम की हड़ताल को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा बताया गया, इसपर बीडीओ के द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, सीडीपीओ, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के कनिए अभियंता, जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य प्रबंधक और पिरामल स्वास्थ्य की ओर से प्रोग्राम लीडर मनोज कुमार उपस्थित थे।

# पेरिस पैरालम्पिक में मप्र की रुबीना फ्रांसिस ने कांस्य पदक जीतकर रचा इतिहास

### रूबीना पैरालम्पिक गेम्स में पदक जीतने वाली प्रदेश की पहली खिलाडी बनी

एजेंसी, भोपाल



फ्रांस के पेरिस में 28 अगस्त से 08 सितम्बर 2024 तक आयोजित पैरालम्पिक गेम्स में शनिवार को मध्य प्रदेश राज्य खेल अकादमी की खिलाड़ी रूबीना फ्रांसिस ने वूमेंस 10 एम. एअर पिस्टल एसएच-1 इवेंट में कांस्य पदक अर्जित कर देश और प्रदेश को गौरवान्वित किया है। इसके साथ ही रुबिना पैरालम्पिक गेम्स में पदक जीतने वाली प्रदेश की पहली खिलाडी बन गई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रूबीना फ्रांसिस को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पेरिस में आयोजित पैरालिम्पक गेम्स में वूमेंस 10एम. एअर पिस्टल एसएच-1 इवेंट मे ईरान की जवानमार्दी एस. 236.8 अंको के साथ स्वर्ण पदक, तुर्की की ओज्गन ए. 231.1 अंको के साथ रजत और भारत की रूबीना फ्रांसिस ने 211.1 अंकों के साथ कांस्य पदक अर्जित किया। जबलपुर निवासी रुबीना फ्रांसिस वर्ष 2015 में राज्य खेल अकादमी से जुड़ी थी। यह रूबीना का दूसरा ओलम्पिक है। इससे पूर्व टोक्यो ओलम्पिक में पदक से वंचित हो गई थी। रूबीना ने लगातार वर्ष 2017 एवं 18 में 02 बार जूनियर रिकार्ड बनाया है और 01 बार वर्ष 2018 फ्रांस में वर्ल्ड रिकार्ड की बराबरी की थी। रूबीना फ्रांसिस ने 10 अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अब तक 03 स्वर्ण, 02 रजत और 01 कांस्य सहित कुल 06 पदक अर्जित किये हैं। वही राष्ट्रीय स्तर पर भी 13 स्वर्ण, 03 रजत और 01 कांस्य सहित 17 पदक अर्जित कर प्रदेश का गौरव बढाया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से भारतीय निशानेबाज और जबलपुर की बेटी रूबीना फ्रांसिस को कांस्य पदक जीतने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि बेटी रूबीना की ये जीत देश के साथ प्रदेश के युवाओं खासकर बेटियों के लिए संघर्ष से सफलता का मार्ग प्रशस्त करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से प्रार्थना की है कि रूबीना की जीत का यह क्रम निरंतर चलता रहे और रूबीना इसी तरह देश के साथ-साथ मध्यप्रदेश को भी गौरवान्वित करती रहें।

### खेल मंत्री सारंग ने भी दी बधाई

खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने भी रूबीना फ्रांसिस के खेल प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी है। उन्होंने बताया कि रूबीना ने पैरालम्पिक में पदक जीतकर इतिहास रचा है। रूबीना प्रदेश के लिए नई रोल मॉडल बन गई है। विपरीत परिस्थितियों में पदक अर्जित कर रूबीना ने प्रदेश और देश को गौरवान्वित किया है। रूबीना की इस उपलब्धि पर खेल विभाग की अपर मुख्य सचिव स्मिता भारद्वाज और खेल संचालक ने भी रूबीना के ऐतिहासिक प्रदर्शन पर बधाई दी है।

# हॉकी इंडिया बेरोजगार खिलाड़ियों को देगा 2 लाख रुपये की वित्तीय सहायता

एजेंसी, लखनऊ




हॉकी इंडिया की रविवार को लखनऊ में हुई वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में करियर बनाने में आर्थिक मदद के लिए भारतीय पुरुष और महिला कोर संभावित समूह के उन सदस्यों को 2 लाख रुपये का अनुदान देने का निर्णय लिया है, जिन्हें अभी तक सरकारी विभागों या सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों (पीएसयू) में नौकरी नहीं मिली है। बैठक के बाद हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा कि अधिकांश हॉकी खिलाड़ियों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उनके प्रदर्शन के आधार पर पीएसयू और सरकारी विभागों से नौकरी दिए जाने की परंपरा रही है लेकिन हमारे ध्यान में लाया गया है कि सीनियर कोर ग्रुप में शामिल कुछ नए खिलाड़ी, खास तौर पर महिला खिलाड़ी बेरोजगार हैं। एजीएम में ऐसे हॉकी खिलाड़ियों को वित्तीय सहायता देने के लिए हर साल 2 लाख रुपये का अनुदान देने का निर्णय लिया गया है, ताकि उन्हें या उनके परिवारों को गुजारा करने के लिए संघर्ष न करना पड़े। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने बताया कि वार्षिक आम बैठक में राष्ट्रीय खिलाड़ियों की मदद से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। हमने आगामी हॉकी इंडिया लीग पर भी चर्चा की और हम आने वाले हफ्तों में कुछ रोमांचक घोषणाएं करेंगे। हॉकी इंडिया की वार्षिक आम बैठक पहली बार लखनऊ में आयोजित की गई। इससे एक दिन पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हॉकी इंडिया की 31 राज्य सदस्य इकाइयों और हॉकी इंडिया कार्यकारी बोर्ड के सदस्यों के प्रतिनिधियों की लखनऊ में अपने आवास पर चाय पर मेजबानी की, जिसमें अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह और कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन शामिल हुए थे। इस बैठक में उत्तर प्रदेश में हॉकी को आगे बढ़ाने के लिए चर्चा की गई, जो राज्य में खेल को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# पेरिस पैरालंपिक : मनीषा रामदास पैरा बैडमिंटन महिला एकल के सेमीफाइनल में

एजेंसी, पेरिस





भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मनीषा रामदास पेरिस पैरालंपिक में महिला एकल एसयू5 स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने इस स्पर्धा के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में जापान की मामिको टोयोडा को 21-13, 21-16 से हरा दिया है। 19 वर्षीय मनीषा ने क्वार्टर फाइनल में जापान की खिलाड़ी मामिको टोयोडा पर शुरुआत से अपना दबदबा कायम रखा और पहला गेम 21-13 से अपने नाम किया। इसके बाद दूसरे गेम में भी वह जापान की खिलाड़ी पर भारी पड़ीं। दूसरे गेम भी 21-16 अपने नाम कर मनीषा ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अब मनीषा पदक पक्का करने से महज एक जीत दूर हैं। स्टार निशानेबाज अवनि लेखरा और सिद्धार्थ बाबू रविवार को पेरिस पैरालंपिक में मिक्स्ड 10 मीटर एयर राइफल प्रोन एसएच1 स्पर्धा के फाइनल में क्वालीफाई नहीं कर पाए। 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली अवनि ने इस स्पर्धा के क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 632.8 अंकों के साथ 11वां स्थान हासिल किया, जबकि सिद्धार्थ ने 628.3 अंकों के साथ 28वें स्थान पर रहे। क्वालीफिकेशन राउंड से शीर्ष 8 एथलीट फाइनल में पहुंचते हैं।

### 63वीं राष्ट्रीय ओपन एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप में मप्र के खिलाड़ियों ने जीते तीन पदक

**एजेंसी, भोपाल** : कर्नाटक के बेंगलुरु में 30 अगस्त से 02 सितम्बर 2024 तक आयोजित 63वीं राष्ट्रीय ओपन एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप के दूसरे दिन शनिवार को मप्र राज्य खेल अकादमी के खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण और दो रजत सहित कुल 3 पदक अर्जित किए। प्रतियोगिता में अब तक अकादमी के खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण और तीन रजत सहित 4 पदक प्राप्त किये हैं। प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को मप्र राज्य खेल अकादमी के एथेलेटिक्स खिलाड़ी रीतेश ओहरे ने 1500 मीटर पुरुष स्पर्धा में एथेलेटिक्स खेल का शानदार प्रदर्शन कर 3 मिनट 47.41 सेकेण्ड का समय लेकर स्वर्ण अपने नाम किया। वहीं खेल अकादमी की ही खिलाड़ी दीक्षा ने भी अच्छा खेल प्रदर्शन कर 4 मिनट 25.91 सेकेण्ड का समय लेकर रजत पदक प्राप्त किया। इसके अलावा अकादमी के ही खिलाड़ी अंशु पटेल ने पोल वॉल्ट इवेन्ट में 5.00 मी की छलांग लगाकर रजत पदक अपने नाम किया। इसी प्रतियोगिता के शाटपुट इवेन्ट में खेल अकादमी के खिलाड़ी समरदीप गिल ने 18.32 मी. लम्बा गोला फेंक फायनल मुकाबले में प्रवेश कर लिया है। खेल अकादमी पदक विजेता खिलाड़ियों के खेल प्रदर्शन की सराहना करते हुये खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बधाई दी है।

# पेरिस पैरालंपिक : क्वार्टर फाइनल में हारीं मनदीप कौर और पलक कोहली

एजेंसी, पेरिस



भारत के लिए पेरिस पैरालंपिक 2024 में रविवार चौथे दिन की शुरुआत अच्छी नहीं हुई है। भारतीय पैरा शटलर मनदीप कौर एवं पलक कोहली अपना-अपना क्वार्टर फाइनल मैच हार गई हैं। इसकी के साथ दोनों खिलाड़ियों का पेरिस पैरालंपिक में सफर समाप्त हो गया है। रविवार को मनदीप कौर महिला एकल एसएल3 वर्ग के क्वार्टरफाइनल मैच में नाइजीरिया की खिलाड़ी मरियम बोलाजी से हार गई। मैच में मनदीप शुरुआत से लय में नहीं दिखीं। नाइजीरिया की मरियम बोलाजी ने आसानी से पहला गेम 21-8 से अपने नाम किया। इसके बाद दूसरे गेम में भी मनदीप वापसी नहीं कर सकीं और नाइजीरियाई खिलाड़ी ने यह गेम भी 21-9 से जीत लिया। इस तरह नाइजीरियाई खिलाड़ी ने मनदीप को 21-8, 21-9 से सीधे सेटों में आसानी से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। मनदीप के बाद पैरा शटलर पलक कोहली भी महिला एकल एसएल4 वर्ग के क्वार्टर फाइनल मैच में हार गईं। उन्हें इंडोनेशिया की एथलीट सदियाह खलीमातुस ने 21-19, 21-15 के सीधे सेटों में हरा दिया है। इस साल भारत ने पैरालिंपिक में अब तक का अपना सबसे बड़ा दल भेजा है, जिसमें 12 खेलों के 84 एथलीट शामिल हैं। भारत अब तक पेरिस पैरालंपिक में एक स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य समेत कुल पांच पदक अपने नाम कर चुका है।

## व्यापार

# लिवाली के सपोर्ट से रिकॉर्ड ऊंचाई पर सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी, नई दिल्ली




शुक्रवार को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के दौरान घरेलू शेयर बाजार रिकॉर्डतोड़ तेजी का गवाह बना। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाया। निफ्टी लगातार 3 दिन तक रोज ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाता रहा। इसी तरह सेंसेक्स ने भी सप्ताह के आखिरी दोनों कारोबारी दिन नए-नए शिखर पर पहुंचने में सफलता हासिल की। सेंसेक्स और निफ्टी की तरह मिडकैप इंडेक्स और स्मॉलकैप इंडेक्स भी मजबूती के नए रिकॉर्ड पर पहुंचने में सफल रहे। सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबार के बाद बीएसई लार्जकैप इंडेक्स ने 1.32 प्रतिशत की छलांग लगाई। इसी तरह मिडकैप इंडेक्स ने 1.5 प्रतिशत की मजबूती हासिल की। वहीं, स्मॉलकैप इंडेक्स 0.61 प्रतिशत मजबूत होने में सफल रहा। अगर संवेदी सूचकांक सेंसेक्स की बात करें तो ये सूचकांक शुक्रवार को 82,637.03 अंक के सर्वोच्च स्तर तक पहुंचने में सफल रहा। पूरे सप्ताह के दौरान इस सूचकांक ने 1,279.56 अंक यानी 1.57 प्रतिशत की तेजी हासिल करने के बाद 82,365.77 अंक के स्तर पर कारोबार का अंत किया। इसी तरह निफ्टी ने भी बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार लगातार तीनों दिन ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया। शुक्रवार को निफ्टी 25,268.35 अंक के सर्वोच्च स्तर तक पहुंचने में सफल रहा। पूरे सप्ताह के कारोबार के बाद निफ्टी 412.75 अंक यानी 1.66 प्रतिशत की मजबूती के साथ 25,235.90 अंक के स्तर पर बंद हुआ। शुक्रवार को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के दौरान स्मॉलकैप इंडेक्स सिर्फ 0.61 प्रतिशत की बढ़त ही हासिल कर सका। हालांकि इस इंडेक्स में शामिल 40 शेयरों ने अपने निवेशकों को डबल डिजिट में रिटर्न देकर जोरदार मुनाफा कराया। निवेशकों को जोरदार मुनाफा करने वाले शेयरों में भगोरिया इंडस्ट्रीज (30.05 प्रतिशत), एनआईआईटी लिमिटेड (30.92 प्रतिशत), गुजरात स्टेट पेट्रोनेट लिमिटेड (30.70 प्रतिशत), गुड लक इंडिया (30.51 प्रतिशत), डाटामैटिक्स ग्लोबल सर्विसेज (24.47 प्रतिशत) और गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया (20.37 प्रतिशत) के नाम उल्लेखनीय हैं।

# एफएंडओ सेगमेंट के लिए सेबी ने लागू किया नया नियम, 23 स्टॉक्स पर गिर सकती है गाज

एजेंसी, नई दिल्ली



मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस (एफएंडओ) सेगमेंट के लिए नया एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया लागू कर दिया है। आशंका जताई जा रही है कि इस एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया के कारण आने वाले दिनों में 23 स्टॉक्स फ्यूचर-ऑप्शंस सेगमेंट से बाहर हो सकते हैं और इनका एफएंडओ कॉन्ट्रैक्ट बंद हो सकता है। सेबी द्वारा लागू किए गए नए नियमों के अनुसार फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस सेगमेंट के जो स्टॉक लगातार 3 महीने तक एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया को पूरा नहीं कर पाएंगे, उन्हें इस सेगमेंट से हटा दिया जाएगा। ऐसा होने के बाद एफएंडओ के लिए नए कॉन्ट्रैक्ट्स जारी नहीं किए जाएंगे। सेबी के एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया के हिसाब से अब स्टॉक का मेडियन क्वार्टर सिग्मा ऑर्डर साइज (एमक्यूएसओएसः कम से कम 75 लाख रुपये होना चाहिए। अभी तक एमक्यूएसओएस की बाध्यता न्यूनतम 25 लाख रुपये की थी। इसी तरह सेबी ने स्टॉक्स के लिए मार्केट वाइड पोजिशन लिमिट (एमडब्लूपीएल) को भी 500 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,500 करोड़ रुपये कर दिया है। इसके अलावा स्टॉक्स की एवरेज डेली डिलीवरी वैल्यू को 10 करोड़ रुपये से बढ़कर 35 करोड़ रुपये कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि एवरेज डेली डिलीवरी वैल्यू में हुई जोरदार बढ़ोतरी की वजह से सेबी ने एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया में 10 करोड़ रुपये की लिमिट को बढ़ाकर 35 करोड़ रुपये कर दिया है। ब्रोकरेज फर्म आईआईएफएल ने सेबी के नए एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया को लेकर की गई अपनी स्टडी में कहा है कि इन नए नियमों की वजह से 23 स्टॉक्स फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस सेगमेंट से बाहर हो सकते हैं। ऐसा होने पर उनके कॉन्ट्रैक्ट भी बंद हो जाएंगे। माना जा रहा है कि नए नियमों के प्रभावी होने पर चंबल फर्टिलाइजर्स, जेके सीमेंट, रामको सीमेंट्स, गुजरात गैस, टॉरेंट फार्मा, सन टीवी नेटवर्क, दीपक नाइट्राइट, गुजरात नर्मदा वैली फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स, डॉ लाल पैथ लैब्स, लॉरेंस लैब यूनाइटेड ब्रेवरीज, महानगर गैस लिमिटेड, कोरोमंडल इंटरनेशनल, सिंजिंग इंटरनेशनल, कैन फिन होम्स जैसी कंपनियों के स्टॉक फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस सेगमेंट से बाहर हो सकते हैं। दूसरी ओर अडाणी ग्रीन, डीमार्ट, टाटा टेक्नोलॉजीज, जोमैटो और जिओ फाइनेंशियल जैसे स्टॉक्स फ्यूचर एंड ऑप्शंस सेगमेंट में अपनी जगह बना सकते हैं।

### कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स घटाकर 1,850 रुपये प्रति टन किया, नई दरें लागू

**एजेंसी, नई दिल्ली**। केंद्र सरकार ने अंतरराष्ट्रीय बजार में क्रूड ऑयल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) को घटा दिया है। सरकार ने विंडफॉल टैक्स को 2,100 रुपये प्रति टन से घटाकर 1,850 रुपये प्रति टन कर दिया है। नई दरें शनिवार से प्रभावी हो गई हैं। सरकार की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि घेरलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स को 2,100 रुपये प्रति टन से घटाकर 1,850 रुपये प्रति टन कर दिया गया है। नई दरें 31 अगस्त, 2024 से प्रभावी होंगी। हालांकि, पेट्रोल, डीजल और एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) पर लगने वाले दर को फिर शून्य पर बरकरार रखा गया है।

# कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 39 रुपये तक महंगा, नई दरें लागू

एजेंसी, नई दिल्ली




सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 39 रुपये प्रति सिलेंडर का इजाफा किया है। हालांकि, घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नई दरें रविवार से लागू हो गई हैं। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस की कीमत 39 रुपये बढ़कर अब 1691.50 रुपये प्रति सिलेंडर हो गयी है, जो पहले 1652.50 रुपये में मिल रहा था। वहीं, कोलकाता में इसका दाम बढ़ कर 1802.50 रुपये हो गया है, जो पहले 1764.50 रुपये था। इसी तरह मुंबई में कॉमर्शियल गैस की कीमत बढ़ कर 1605 रुपये से 1644 रुपये हो गयी है। इसके अलावा चेन्नई में ये सिलेंडर 1855 रुपये का मिल रहा है। हालांकि, 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में यह 803 रुपये और मुंबई में 802.50 रुपये का मिल रहा है।

## आईओसी के चेयमैन वैद्य ने कार्यकाल खत्म होने पर अपना पद छोड़ा

एजेंसी, नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसी) के चेयरमैन एस. एम. वैद्य ने शनिवार को अपना कार्यकाल पूरा होने के उपरांत अपना पद छोड़ दिया है। श्रीकांत माधव वैद्य पेट्रोलियम उद्योग में विगत 37 वर्षों से ज्यादा की विशेषज्ञता के साथ वैश्विक ऊर्जा टेक्नोक्रेट के रूप में प्रतिष्ठित हैं। कंपनी ने जारी एक बयान में बताया कि इंडियन ऑयल के चेयरमैन एस. एम. वैद्य पिछले 37 साल से ज्यादा के अनुभव वाले एक रसायन इंजीनियर हैं। वैद्य आईओसी को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंचाने में महत्वपूर्ण शक्ति रहे हैं। आईओसी के मुताबिक वैद्य ने जुलाई, 2020 में कंपनी की बागडोर संभाली थी, उनके कार्यकाल में कंपनी ने असाधारण वृद्धि दर्ज की है। कंपनी ने कहा कि हार्दिक आभार के साथ इंडियन ऑयल की टीम उन्हें एक सफल दूसरी पारी की शुभकामनाएं देती है। आईओसी ने कहा कि उनके नेतृत्व में कंपनी का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2019-20 में 1,313 करोड़ रुपये से बढ़कर बीते वित्त् वर्ष 2023-24 में 39,619 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी का परिचालन आय 5,66,354 करोड़ रुपये से 53 फीसदी बढ़कर 8,66,345 करोड़ रुपये हो गई।

# एटीएफ 4,567.76 रुपये प्रति किलोलीटर तक सस्ता, नई दरें लागू

एजेंसी, नई दिल्ली



सावर्जनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों में 4,495.50 रुपये प्रति किलोलीटर (1000 लीटर) तक की कटौती की है। एटीएफ के दाम घटने से हवाई सफर सस्ता होने की संभावना है। नई दरें रविवार से लागू हो गई हैं। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार देश की राजधानी नई दिल्ली में एटीएफ की कीमत 4,495.50 रुपये घटकर 97,975.72 रुपये प्रति किलोलीटर से 93,480.22 रुपए किलोलीटर हो गया है। मुंबई में एटीएफ 4,217.56 रुपये घटकर 91,650.34 रुपये प्रति किलोलीटर से 87,432.78 रुपये प्रति किलोलीटर हो गया है। वहीं, चेन्नई में एटीएफ 4,567.76 रुपये सस्ता होकर 97,064.32 रुपये प्रति किलोलीटर हो गया है। इसके अलावा कोलकाता में एटीएफ 4,222.44 रुपये कम होकर 1,00,520.88 रुपये प्रति किलोलीटर से 96,298.44 रुपये किलोलीटर हो गया है। गौरतलब है कि त्योहारी सीजन में हवाई ईंधन के दाम घटने से हवाई सफर सस्ता होने की उम्मीद है। एटीएफ की दरों का सीधा असर विमान किराये पर दिखता।

# अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई एक कि मौत

चाणक्य भूमि



रक्सौल के धबधबवा गाँव के पास तेज गति से जा रही एक कार पेड़ से टकरा गई जिससे कार में सवार एक युवक की मौत मौके पर ही हो गई। इस घटना में कार में सवार अन्य दो लोग बुरी तरह घायल हो गए।घायलों की हालत काफी खराब है। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल से कार के अंदर फंसे मृतक के शव को निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेजा वही दुर्घटना में घायल दूसरे व्यक्ती को स्थानीय सीएचसी में उपचार के लिए भेजा जहां से उसे बेहतर ईलाज के लिये मोतिहारी रेफर कर दिया गया।

इस सम्बंध में थानाध्यक्ष धनंजय शर्मा ने बताया कि कार में सवार तीनों युवक आदापुर के श्यामपुर चौक होकर जहां रहे थे इसी बीच रोड के किनारे स्थित गड्ढे के पास पेड़ से टकराने से घटना हुई।

मृतक की पहचान हरपुर थाना क्षेत्र के बेलवा निवासी पप्पू गिरी के पुत्र रिश्यम कुमार के रूप में हुई है। घायल युवक की पहचान श्यामपुर गांव निवासी नवल पासवान के रूप मे हुई है। जबकि घायल कार चालक प्रकाश कुमार के बारे मे जानकारी नहीं प्राप्त हो सकीं है क्यूँकी उसके परिजन उसे इलाज के लिए अपने साथ ले गए है।

# आरक्षण सीमा को संविधान की 9 वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग



चाणक्य भूमि मोतिहारी

देशभर मे जातिगत जनगणना की मांग तथा महागठबंधन सरकार के 17 महीना के तेजस्वी जी के सेवाकाल में बढ़ाई गई 65% आरक्षण सीमा को संविधान की 9 वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर एनडीए सरकार के विरुद्ध राष्ट्रीय जनता दल द्वारा आहूत पूरे बिहार में एक दिवसीय विशाल धरना के आयोजन की कड़ी मे राष्ट्रीय जनता दल इकाई पूर्वी-चम्पारण द्वारा जिला मुख्यालय मोतिहारी के कचहरी चौक पर जिलाअध्यक्ष के अध्यक्षता मे धरने का आयोजन किया गया।

धरना मे राजद अतिपिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश रौशन उर्फ पप्पु सहनी अपने सैकड़ो समर्थको के साथ शामिल हुए तथा धरने को संबोधित किया। उक्त कार्यक्रम मे मुख्य रूप से नरकटिया विधायक सह पूर्व मंत्री शमीम अहमद, सुगौली विधायक शशि सिंह ,पूर्व विधायक राजेन्द्र राम, एनामुल हक ,मनोज अकेला, जिला महासचिव मुमताज अहमद , युवा मधुबन जिला अध्यक्ष मो असलम, जेपी यादव, अधिवक्ता प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव चांद विद्रोही , मुनीलाल यादव,मुमताज कादरी जी,सरफुदीन,छात्र अध्यछ राकेश यादव , अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यछ शाहिद अख्तर ,मो तबरेज सहित सैकड़ो पदाधिकारी एवम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री ने मन की बात कार्यकर्म में हिस्सा लिया

चाणक्य भूमि सम्पादक



खनन और कोयला राज्यमंत्री श्री सतीश चंद्र दुबे ने गौनाहा प्रखंड के मठ मंझरिया चौक पर जनता के साथ मन की बात कार्यकर्म में हिस्सा लिया। रविवार को कोयला और खनन राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे गौनाहा प्रखंड के कई इलाकों में भ्रमण किए।

इसी क्रम में स्थानीय मठ मंझरिया चौक पर प्रधान मंत्री मोदी के मन की बात को स्थानीय लोगो के साथ सुने।

इसके पश्चात जनता के साथ संवाद कार्यक्रम में लोगो को संबोधित किए, जिसमे खासकर युवाओं से वार्तालाप हुई, इस दौरान उनकी समस्याओं से अवगत हुए। मंत्री दुबे ने इस क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता में रखने और शीघ्र ही निराकरण करने का आश्वासन दिया।











# गाड़ी पर BPSC शिक्षक लिखवाने वालों को डीपीओ ने किया निलंबित




चाणक्य भूमि बगहा

शिक्षा विभाग ने अनुशासनहीनता और लापरवाही के मामलों में सख्त कदम उठाते हुए अपने दो शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। इन शिक्षकों पर आरोप था कि इन्होंने अपनी निजी कार पर 'BPSC शिक्षक' की नेमप्लेट लगाई थी। और इसका फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था।

पहला मामला ठकराहा प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरपटिया में पदस्थापित शिक्षक राजकुमार का है, जिन्होंने अपनी निजी कार पर 'BPSC शिक्षक' की नेमप्लेट लगाई थी। विभाग ने इसे सरकारी नियमों और मोटर अधिनियम का उल्लंघन मानते हुए राजकुमार को निलंबित कर दिया है। इस घटना का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग ने यह कार्रवाई की. डीपीओ योगेश कुमार ने राजकुमार के निलंबन का आदेश जारी किया है।

# एसपी ने पुलिस निरीक्षक कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

चाणक्यभूमि बगहा



पुलिस अधीक्षक,बगहा सुशांत कुमार सरोज ने शनिवार को पुलिस निरीक्षक रामनगर अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान एसपी ने रामनगर अंचल कार्यालय के पुलिस निरीक्षक अभय कुमार सहित संबधित सभी थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने लंबित सभी कांडो की बारी-बारी से समीक्षा किया साथ ही अतिरिक्त सिरिस्ता अभिलेखों एवं पंजियों का अवलोकन किया।

एसपी ने अभिलेखों का निरीक्षण कर अंचल पुलिस निरीक्षक को निर्देश दिया कि पुराने केस के निष्पादन में तेजी लाएं। उन्होंने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी एवं कोर्ट द्वारा जारी कुर्की जब्ती मामले में भी पुलिस को जल्द कार्रवाई कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया। उन्होंने रामनगर अंचल क्षेत्र में बढ़ते चोरी के कांडों पर अंकुश लगाने को लेकर अंचल पुलिस निरीक्षक को निर्देश दिया गया साथ ही क्षेत्र में पेट्रोलिंग टीम को चुस्ती एवं मुस्तैदी के साथ रात्रि एवं दिवा गस्ती अभियान चलाने का निर्देश दिया।। इससे पूर्व बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज को पुलिस निरीक्षक रामनगर अंचल कार्यालय के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मौके पर पुलिस निरीक्षक अभय कुमार सहित सभी थानाध्यक्ष उपस्थित रहें।

# बालू व पत्थर को पुनः चालू कराने का करूंगा प्रयास - सतीश चंद्र दूबे

चाणक्यभूमि गौनाहा



प्रखंड मे वर्षो से बंद पड़े बालू व पत्थर उद्योग को पुनः चालू करने कि दिशा मे केंद्र सरकार के सम्बंधित मंत्रियो से वार्ता करूंगा। उक्त बाते थरूहट विकास मंच फाउंडेशन जमुनिया मे समारोह के विशिष्ट अतिथि रहे कोयला एवं खनन मंत्री सतीश चंद्र दूबे ने उपस्थित जनप्रतिनिधि व जनता को सम्बोधित करते हुए कही, समारोह का विधिवत उद्घाटन माननीय मंत्री सतीश चंद्र दूबे, बाल्मीकिनगर सांसद सुनील कुमार महतो, रामनगर विधायक भागीरथी देवी व बगहा विधायक राम सिंह, रानू मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। समारोह कि अध्यक्षता थरूहट विकास मंच फाउंडेशन के अध्यक्ष निरंजन पंजियार ने की। जबकि मंच का सफल संचालन श्रीकांत ठाकुर ने की।

समारोह मे उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथि, मुख्य अतिथि व दर्जनों जनप्रतिनिधियों को अंग वस्त्र व फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए। माननीय मंत्री ने कांग्रेस व राजद की सरकार की जमकर भतर्सना की। बीजेपी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि मोदी कि सरकार मे पुरे देश का विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि देश के 10 करोड़ गरीब लोगों को गैस का कनेक्शन मोदी सरकार ने दी है। 3 करोड़ लोगों को इंदिरा आवास दिलाने का काम यह सरकार कि है। आज बिजली से खेतों का पटवन हो रहा है। केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 मे बिहार को विशेष पैकेज दिया है ताकि पर्यटन स्थलों का समुचित विकास हो सके ताकि यहा ज्यादा से ज्यादा पर्यटक पहुंच सके। थरूहट विकास मंच फाउंडेशन के माध्यम से निरंजन पंजियार ने 7 सूत्री मांगो का एक ज्ञापन विशिष्ट व मुख्य अतिथियों को सौंपा। उनके मांगो मे थरूहट क्षेत्र के गरीब मरीजो के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था, प्रति वर्ष थरूहट क्षेत्र के गरीब परिवारों के बच्चियों की विवाह करवाना, जमुनिया पंचायत के गेन्हरिया गांव स्थित 900 एकड का जंगल है जिसके चारो तरफ गांव बसा है इस जंगल को चिड़ियाघर के रूप में विकसित करवाना जिसमें इस क्षेत्र का विकास हो सके और युवाओ को रोजगार मिल सके, सहोदरा मेला को थरूहट का आदिवासी मेला घोषित करना और उसके करमुक्त करवाना, सोफा मंदिर और भिखना ठोरी को पर्यटक क्षेत्र के रूप विकसित करवाने का प्रयास करना, गौनाहा प्रखंड को बगहा राजस्व जिला से अलग करने का प्रयास करना, थरूहट क्षेत्र के विकास का सतत प्रयास किया जाय। समारोह मे विशिष्ट अतिथि माननीय सतीश चंद्र दूबे, सांसद सुनील महतो, विधायक भागीरथी देवी व रामसिंह द्वारा थरूहट क्षेत्र से डॉक्टर, इंजिनियर व प्रोफेसर बने छात्र-छात्राओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया । समारोह को सम्बोधित करने वाले वक्ताओ मे सांसद सुनील कुमार महतो, विधायक भागीरथी देवी, रामसिंह, प्रखंड प्रमुख जयप्रकाश पासवान आदि शामिल थे। मौके पर रानू मिश्रा, सच्चिदानंद चौबे, निर्मल शर्मा, रंजीत बहादुर राय, विक्रमा चौधरी, किशोर कुमार गुरो, रंजन तिवारी, श्रीनिवास पंजीयार, रितेश गौरो, विजय साह, प्रेम चंद महतो, उमेश महतो, श्रीकांत महतो, दिलीप सिंह, रविन्द्र साह, धमौरा मुखिया रामबिहारी महतो आदि उपस्थित थे। वही इस कड़ी में आगे उन्होंने आदिशक्ति मां सुभद्रा मंदिर में रानू मिश्रा के साथ पूजा अर्चना किया, तत्पश्चात उन्होंने गौनाहा प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष मंजुला मिश्रा के घर माधोपुर में जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित किया।

**» थरूहट विकास मंच समारोह मे कांग्रेस व राजद पर जमकर बरसे मंत्री**

# डॉ.मृगेंद्र कुमार बने मुंशी सिँह महाविद्यालय के प्राचार्य



चाणक्यभूमि मोतिहारी

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ .) अरुण कुमार आज सेवानिवृत हो गए जिसके बाद उन्होंने के अपना पदभार स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) मृगेंद्र कुमार को सौंप दिया। डॉ. अरुण कुमार ने दिनांक 06 नवंबर 1996 को प्राध्यापक के रूप में अपना योगदान स्नातकोत्तर हिंदी विभाग में दिया था। दिनांक 01 मार्च 2021 को वे प्राचार्य बनाये गये थे। इनके कार्यकाल में परीक्षाओं में अपेक्षित सुधार हुआ और प्रवेश का कार्य स्वच्छ ढंग से चला। कक्षाएं सुचारू रूप से चलीं और छात्र छात्राओं -से निरंतर संवाद स्थापित होता रहा।

प्रो मृगेंद्र कुमार के प्राचार्य बनने पर सभी विभाग के अध्यक्ष व कॉलेज कर्मियों ने बधाई एवं शुभकामनायें दी है।















# अनुमंडलीय अस्पताल में दो महिलाओं का हुआ सिजेरियन

चाणक्य भूमि नीरज मिश्रा



बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में धीरे धीरे मरीजों के चिकित्सीय जांच के साथ मरीजों के विशेष इलाज में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सक के साथ आधुनिक उपकरण वह संसाधन उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके तहत अब अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे मरीजों को चिकित्सा उपचार के साथ अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही है। जैसे सर्जन चिकित्सक के साथ विशेष चिकित्सकों द्वारा सप्ताह में चार दिन क्रिटिकल सिजेरियन व छोटे बड़े ऑपरेशन किया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए अस्पताल प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे दो मरीज का क्रिटिकल व गंभीर स्थिति को देखते हुए अस्पताल के सर्जन डॉ. विजय कुमार, डॉ. बालेवर शर्मा व शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. एसपी अग्रवाल के द्वारा महिला का सुरक्षित सिजेरियन ऑपरेशन किया गया।

श्री तिवारी ने बताया कि इस महीने में कुल आठ सिजेरियन ऑपरेशन किए गए है और अस्पताल में मरीज का चिकित्सा इलाज के साथ- साथ क्रिटिकल मरीज का छोटे बड़े सिजेरियन ऑपरेशन करने की सुविधा मरीजों को मिलेगी, ताकि मरीजों को स्थानीय स्तर पर समुचित उपचार की सुविधा मिल सके।

# गोपालगंज में प्रदेशाध्यक्ष दिलीप जायसवाल का भव्य स्वागत




चाणक्य भूमि

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह भूमि सुधार और राजस्व मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल रविवार को मां थावे भवानी के दरबार में पहुंच कर आशीर्वाद लिया।जिसके बाद एक निजी भवन में अभिनंदन समारोह किया गया। समारोह में बोलते हुए राजद के धरना प्रदर्शन पर तंज कसते हुए कहा कि राजद के पास कोई काम नहीं है। बेरोजगारी में किसी तरह राजनीति का दुकान चला रहे है।

इस कार्यक्रम में अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के मंत्री जनक राम, प्रदेश उपाध्यक्ष मिथलेश तिवारी, सदर विधायक कुसुम देवी, बरौली विधायक रामप्रवेश राय के अलावा भाजपा के कई नेता मौजूद रहे।

अपने भाषण में उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन की ओर से आरक्षण में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने जो संविधान में लिखा है वह लागू रहेगा।













स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714